# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## द्वादश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 04 श्रावण, 1946 (श०) / 26 जुलाई, 2024 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 174

| | | |
|---|---|---|
| (1) | ऊर्जा विभाग .. .. .. | 55 |
| (2) | स्वास्थ्य विभाग .. .. .. | 85 |
| (3) | पर्यटन विभाग .. .. .. | 13 |
| (4) | आपदा प्रबंधन विभाग .. .. .. | 13 |
| (5) | योजना एवं विकास विभाग .. .. .. | 05 |
| (6) | विधि विभाग .. .. .. | 03 |
| | कुल योग -- | 174 |

पदस्थापन करना

*571. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी विधान सभा क्षेत्र के केवटी एवं सिंघवाड़ा प्रखंड के पी0एच0सी0 के प्रसूति विभाग में महिला चिकित्सक के नहीं रहने के कारण गर्भवती महिला एवं प्रसूति हेतु आने वाली महिलाओं को समस्या का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक केवटी एवं सिंघवाड़ा प्रखंड के पी0एच0सी0 में महिला चिकित्सक के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आपदा राहत कोष से मदद करना

*572. श्री शम्भू नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रह्मपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रह्मपुर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-बदलैया टोला बड़की नैनीजोर में दिनांक 18 दिसम्बर, 2023 को भीगरू सहनी, पिता-काशी सहनी की गंगा नदी में डूबकर मृत्यु हो गई थी, किन्तु पीड़ित परिवार को सरकार के आपदा राहत कोष से आजतक आर्थिक मदद नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष से मदद देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--जिला पदाधिकारी, बक्सर से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार भीगरू सहनी की मृत्यु नहीं हुई है, बल्कि उनके भाई बनारसी सहनी की मृत्यु गंगा नदी में डूबने से दिनांक 18 दिसम्बर, 2023 को हुई है ।

मृतक बनारसी सहनी के आश्रित पत्नी श्रीमती सुनैना देवी को उनके बैंक खाता संख्या 33982642130 में CFMS के माध्यम से अनुग्रह अनुदान की राशि रुपया 4.00 लाख (चार लाख) का भुगतान कर दिया गया है ।

--------

केबुल तार लगाना

*573. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ0जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत विशनपुर, पचीरा, विस्टोरिया तथा रानीगंज नगर पंचायत में 25 वर्ष पूर्व लगा बिजली का तार काफी पुराना और जीर्ण-शीर्ण हो गया है तथा फारबिसगंज ग्रिड से बिजली की आपूर्ति के लिये रानीगंज आने वाली लाइन तेज हवा, आँधी और मूसलाधार बारिश में तार टूटने से कई-कई घंटों तक तथा कभी-कभी रात-दिन भी पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है, इसके साथ ही तार गलकर गिरने से अगलगी तथा जान-माल का खतरा बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपभोक्ताओं को सुगमता से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये पुराने और जीर्ण-शीर्ण बिजली के तारों को बदलकर केबुल तार लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटन स्थल का दर्जा देना

*574. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखंड अन्तर्गत रतनपुर पंचायत के बाबा गंगेश्वर स्थान लाखों लोगों के आस्था का केन्द्र है, जहाँ महाशिवरात्रि के दिन बड़े पैमाने पर श्रावणी मेला का आयोजन किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, दरभंगा द्वारा 2 मार्च, 2024 को महाप्रबंधक-सह-वरीय योजना पदाधिकारी, पर्यटन विभाग को पत्र के माध्यम से उक्त स्थल के पर्यटकीय विकास हेतु स्थलीय जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के द्वारा उक्त स्थल के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण हेतु पी0पी0आर0 सितम्बर, 2023 में विभाग को समर्पित किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक गंगेश्वर स्थान को पर्यटन स्थल का दर्जा देते हुये उक्त स्थल का समुचित विकास कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सेवा सम्पुष्ट करना

*575. श्री अशोक कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-92 सकरा (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सेवा सम्पुष्टि हेतु सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय आदेश संख्या 467, दिनांक 16 दिसम्बर, 1998 के तहत राज्य के पदाधिकारियों की लगातार दो वर्ष की सेवावधि एवं विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2021-22 में नियुक्त राज्य के चिकित्सा पदाधिकारी जो सेवा सम्पुष्टि हेतु आवश्यक अर्हता पूरी कर चुके हैं, उनके 150 से अधिक आवेदन स्वास्थ्य विभाग में नवम्बर, 2023 से लम्बित पड़े हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अर्हता पूरी कर चुके सभी चिकित्सकों की सेवा सम्पुष्ट करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*576. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बिहिया प्रखंड के ग्राम-उड़ियान टोला, थाना-तियर के स्व0 लालजी गोंड, पिता-दशरथ गोंड की दिनांक 21 अगस्त, 2021 को बरसात में मिट्टी का दीवार गिरने से दब जाने के कारण मृत्यु हो गई है, लेकिन अभीतक उनके आश्रित परिवार को सरकारी सहायता राशि नहीं दी गई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मृतक के आश्रित को सरकारी मुआवजा राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--जिला पदाधिकारी, भोजपुर से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार मृतक लालजी गोंड, पिता-दशरथ गोंड, ग्राम-उड़ियान टोला, थाना-तियर, जिला-भोजपुर की मृत्यु दिनांक 21 अगस्त, 2021 को दीवार गिरने से एकल मृत्यु हुई है । इसमें समूह कुप्रभावित नहीं है ।

आपदा प्रबंधन विभाग के संकल्प संख्या 2901/आ0प्र0, दिनांक 3 अक्टूबर, 2008 के अनुसार गैर-प्राकृतिक आपदा की स्थिति में व्यक्ति समूह के कुप्रभावित होने की स्थिति में ही अनुग्रह अनुदान अनुमान्य है ।

अतएव प्रश्नगत मामले में अनुग्रह अनुदान अनुमान्य नहीं है ।

--------

कभर युक्त तार लगाना

*577. श्री अवध बिहारी चौधरी (क्षेत्र संख्या-105 सिवान)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत सिवान सदर एवं बड़हरिया प्रखंड में विगत 25 वर्षों से लगा हुआ तार जर्जर हो गया है, जिसके कारण तार बार-बार टूट कर गिरते रहते हैं और बिजली आपूर्ति बाधित होता है तथा जान-माल का खतरा बना हुआ रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में जर्जर तार को बदलकर नया कभर युक्त तार लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करना

*578. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री ग्रामीण क्षेत्रीय विकास योजनान्तर्गत विधान सभा क्षेत्र जमालपुर में प्रश्नकर्ता द्वारा वर्ष 2023-24 में की गई अनुशंसा पर कई अनुशंसित कार्यों के लिये दो माह के भीतर आपत्ति अथवा अनापत्ति-पत्र समय-सीमा में अप्राप्त है जबकि संबंधित पदाधिकारी द्वारा दो माह के अन्दर आपत्ति अथवा अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कर दिया जाना है, यह सरकार का निर्देश है, परंतु इस प्रावधान का अनुपालन मुंगेर जिला सहित राज्य के किसी जिले के संबंधित पदाधिकारी द्वारा नहीं क़िया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार जाँचोपरान्त दोषी के विरुद्ध कार्रवाई के साथ-साथ सरकार के प्रावधान का अनुपालन सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सरकारी निदेश का पालन करवाना

*579. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--स्थानीय हिन्दी दैनिक सामचार-पत्र में दिनांक 16 फरवरी, 2024 को प्रकाशित शीर्षक ''ए0ई0एस0 में लापरवाही, पोषण पुनर्वास केन्द्र नहीं भेजे गये कमजोर बच्चे'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिये ओ0पी0डी0 में आनेवाले कमजोर एवं कुपोषित बच्चों को ठीक होने के बाद पोषण पुनर्वास केन्द्र भेजने के लिये सभी अस्पतालों को निर्देशित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्देशों के बावजूद मुजफ्फरपुर जिला में शिशु रोग विभाग की लापरवाही के कारण वर्ष जनवरी, 2023 से दिसम्बर, 2023 तक सिर्फ 139 बच्चे पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती कराये गये, जिसमें ओ0पी0डी0 से आनेवाले बच्चे सिर्फ 20 से 25 ही थे ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कुपोषित बच्चों की जिन्दगी बचाने में लिये गये सरकारी निदेश को कड़ाई से पालन करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कार्य प्रारंभ कराना

*580. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के जमालपुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत दलित समुदाय के लिए वर्कशेड निर्माण हेतु निविदा सं0-10/2023-24, दिनांक 11 अक्टूबर, 2023 को निर्गत की गई थी, परंतु संबंधित पदाधिकारियों की उदासीनता के चलते अबतक उस निविदा का निष्पादन एवं वर्कशेड निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध समुचित कार्रवाई के साथ-साथ कबतक वर्कशेड निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*581. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड अंतर्गत मरीचा पंचायत के वार्ड नं0 13 के गुड्डु ठाकुर (उम्र 24 वर्ष), पिता-विनोद ठाकुर, सन्नी कुमार दास (उम्र 16 वर्ष), पिता-सुरेन्द्र दास की मृत्यु 18 सितम्बर, 2023 को मोहनपुर प्रखंड के सरारी गंगाघाट में डूबने से हो गयी थी, जिनका थाना कांड संख्या हलई ओ0 पी0 थाना, ताजपुर एस0डी0एफ0 560/23, 561/23, 562/23 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मृतकों के परिवार को अभीतक आकस्मिक मृत्यु पर सरकार द्वारा देय मुआवजा की राशि का भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उपरोक्त मृतकों के परिवार को सरकारी मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सकों का स्थानान्तरण

*582. श्री भारत भूषण मंडल (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के लौकहा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत खुटौना एवं फुलपरास स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक विगत 22 वर्षों से पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पदस्थापित डॉक्टर अधिक समय अपने निजी क्लिनिक पर ही देते हैं, जिस कारण मरीजों का समुचित इलाज नहीं हो पाता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सरकारी नियमों के अनुसार किसी डॉक्टर को एक स्थान पर तीन वर्ष ही रहने का प्रावधान है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त चिकित्सक को कबतक स्थानान्तरण कर मरीजों को समुचित इलाज की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जर्जर तारों को बदलना

*583. श्री देवेश कान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के लकड़ी नबीगंज प्रखण्ड के डुमरा पंचायत एवं गोरेयाकोठी प्रखण्ड के आज्ञा पंचायत सहित अन्य पंचायतों में तार 15 वर्ष पूर्व में लगाया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्डों के नंगा (एल0 टी0) जर्जर तार अब टूट-टूट कर गिर रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों के जर्जर तारों को बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली उपलब्ध कराना

*584. श्री श्रीकान्त यादव (क्षेत्र संख्या-113 एकमा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखण्ड एकमा-लहलादपुर एवं मांझी में हर खेत को पानी योजना के अन्तर्गत कृषि फेज से किसानों को बिजली देना था तथा इस हेतु स्थानीय किसानों ने बिजली कनेक्शन का आवेदन दिया, परन्तु पदाधिकारी की लापरवाही के चलते उन्हें आजतक बिजली उपलब्ध नहीं हो पाई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त किसानों को कृषि हेतु बिजली उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

समाधान करना

*585. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-24 बथनाहा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के प्रखंड मुख्यालय में स्थापित ग्रिड जो कृषि कार्य हेतु बनाया गया है किन्तु इसी ग्रिड से घरेलू कनेक्शन दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रिड से निकला कोआड़ी फीडर काफी लंबा है, जिसकी वजह से उपभोक्ता को लो-भोल्टेज की समस्या रहती है एवं तार टूटने की वजह से निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस समस्या का समाधान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) अस्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत 36 समर्पित (Dedicated) 11 के0 वी0 फीडरों के माध्यम से प्रखंड/जिला मुख्यालय अथवा अन्य स्थानों पर स्थापित 33/11 के0 वी0 विद्युत् शक्ति उप-केन्द्रों से कृषि कार्य हेतु विद्युत् संबंध प्रदान किये जा रहे हैं।

कुछ पूर्व उपभोक्ता उक्त फीडरों से विद्युत् उपभोग कर रहे हैं, ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित कर आर0डी0एस0एस0 योजना के तहत पृथक करने की कार्रवाई की जा रही है।

(2) एवं (3) अस्वीकारात्मक। स्थापित 33/11 के0वी0 विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र, मेजरगंज से निकलनेवाली 11 के0 वी0 कोआड़ी मदन फीडर की कुल लंबाई 14 कि0मी0 है। वर्तमान में लो-भोल्टेज की समस्या नहीं है। उक्त फीडर से प्रतिदिन औसतन 18 से 20 घंटे विद्युत् की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है।

--------

बेरोजगारों को रोजगार देना

*586. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में खाद्य निरीक्षकों के 91 पद के रिक्त होने के उपरांत भी विगत 20 वर्षों से स्थायी विज्ञापन नहीं निकाला गया है, यदि हाँ, तो सरकार खाद्य निरीक्षकों का विज्ञापन बिहार लोक सेवा आयोग/अन्य आयोग के माध्यम से निकालकर बेरोजगारों को कबतक रोजगार देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् आपूर्ति कराना

*587. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत गुरारू, गुरूआ एवं परैया प्रखंड के क्रमशः ग्राम-इटवा, बेला एवं रामपुर के कृषकों द्वारा पटवन हेतु विगत 2 वर्ष पूर्व कनेक्शन लिया गया था, परन्तु अभीतक विभागीय लापरवाही के कारण तार, पोल एवं ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक गुरूआ विधान सभा क्षेत्र में बिजली कनेक्शन ले चुके कृषकों के खेतों तक तार, पोल एवं ट्रॅांसफॉर्मर लगाकर विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सौंदर्यीकरण करना

*588. श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी (क्षेत्र संख्या-240 सिकन्दरा (अ०जा०))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के इस्लामनगर अलीगंज प्रखंड के पंचायत पुरसंडा एवं कोदवरिया के सीमा पर अवस्थित उड्‌आ पहाड़ पर सुफी संत पीर औलिया का एक मजार है, जहां प्रत्येक सोमवार, वृहस्पतिवार एवं शुक्रवार को मेला लगता है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं तथा बगल में स्थित कैलाश डैम में लोग सैर-सपाटा भी करते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल का सौंदर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

निर्माण करना

*589. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज प्रखंड के सिगोड़ी पंचायत स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र, सिगोड़ी के भवन की हालत अत्यंत जर्जर है जिससे लगभग 25,000 की आबादी वाला सिगोड़ी गांव समेत आस-पास के कई गांवों के लोगों का स्वास्थ्य सुविधाएँ नहीं मिल पाती है, यदि हाँ, तो सरकार स्वास्थ्य उप-केन्द्र सिगोड़ी की जगह पर नया रेफरल अस्पताल निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था

*590. श्री इजहारूल हुसैन (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत सदर अस्पताल, किशनगंज में अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध रहने के बावजूद सप्ताह में केवल दो दिन ही अल्ट्रासाउंड होता है, जिससे रोगियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल में प्रत्येक दिन अल्ट्रासाउंड करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा देना

*591. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि पोस्टमार्टम की जवाबदेही पुलिस और पोस्टमार्टम रिपोर्ट जारी करने की जवाबदेही अस्पताल की होती है, किन्तु आपदा से हुई मौत के मामले में बेसरा जांच कराने में पुलिस के गंभीर नहीं होने के कारण न तो समय पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट जारी होता है और ना मुआवजा की राशि मिल पाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के घोसी थाना क्षेत्र के केवाली गांव निवासी, राजकिशोर दास एवं बेटी रानी कुमारी की मौत सांप काटने के कारण हुई थी, जिसका पोस्टमार्टम दिनांक 31 अगस्त, 2021 को होने के बावजूद आजतक पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं मुआवजा की राशि नहीं मिली ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेसरा जांच की जवाबदेही अस्पताल को बनाने तथ मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने का का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना

*592. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत हसपुरा प्रखंड के अमझरशरीफ दरगाह तथा रफीगंज प्रखंड के शिहूली दरगाह में देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं, परंतु पर्यटकों के लिये मूलभूत सुविधा के अभाव में लोगों का आना-जाना कम होता जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मजारों को सूफी सर्किट से संबद्ध करते हुये पर्यटकों के लिये मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वास्थ्य सुविधा सुदृढ़ करना

*593. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखंड दरियापुर के पी०एच०सी० एवं सी०एच०सी० में स्वीकृत पद के अनुरूप एम०बी०बी०एस/सर्जन, चिकित्सकों, कर्मियों अत्याधुनिक चिकित्सीय उपकरण तथा डिजिटल एक्स-रे मशीन आदि के अभाव के कारण आमलोगों के स्वास्थ्य सुविधा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार स्वास्थ्य सुविधा सुदृढ़ करने हेतु रिक्त पदों पर चिकित्सकों एवं चिकित्साकर्मियों के पदस्थापन के साथ-साथ कबतक अत्याधुनिक चिकित्सकीय उपकरण आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

उत्क्रमित करना

*594. श्री सुर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के नावकोठी प्रखंड स्थित लाखों कुवरी आयुर्वेदिक औषधालय एक राजकीय औषधालय है, जिसे दान में प्राप्त करीब 50 बीघा जमीन का ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है और औषधालय भवन जर्जर हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक राष्ट्रीय आयुष मिशन कार्यक्रम के तहत लाखों कुवरी राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय में अतिरिक्त 50 शैय्या युक्त भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

परीक्षा हेतु

*595. श्री महा नंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भीम राव अम्बेदकर बिहार यूनवर्सिटी, मुजफ्फरपुर का बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एण्ड सर्जरी (बी०ए०एम०एस०) कोर्स का वर्ष 2021-2022 में नामांकन के पश्चात् छात्र-छात्राओं का परीक्षा हेतु अप्रैल, 2024 में फार्म भरा गया है, लेकिन आजतक उक्त कोर्स का प्रथम वर्ष का परीक्षा नहीं लिया गया है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कोर्स में नामांकित छात्र-छात्राओं का परीक्षा कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कमी दूर करना

*596. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला का एकमात्र अस्पताल सदर अस्पताल है, जहां मरीजों की संख्या बहुत अधिक रहने के कारण मरीजों को बरामदे पर रखा जाता है तथा डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ एवं उपस्कर की कमी के कारण मरीजों को भटकना पड़ता है एवं उचित इलाज भी नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सदर अस्पताल मुंगेर में नर्सिंग स्टाफ तथा उपस्कर की कमी को दूर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जन-औषधि केन्द्र का संचालन करना

*597. श्री चन्द्रहास चौपाल (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के शंकरपुर प्रखंड के शंकरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जन-औषधि केन्द्र का संचालन नहीं होने से क्षेत्र के गरीब लोग सस्ते दर पर दवाई नहीं ले पाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर जन-औषधि केन्द्र का संचालन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

व्यवस्था करना

*598. श्री आलोक रंजन (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा सदर अस्पताल में ओर्थोपेडिक्स के दो-दो चिकित्सक कार्यरत रहने के बावजूद भी हड्डी रोग का सर्जरी एवं ऑपरेशन नहीं हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सहरसा सदर अस्पताल में हड्डी रोग का इलाज करवाने आये लोगों को अन्यत्र रेफर कर दिया जाता है या अस्पताल में मौजूद कतिपय लोगों द्वारा निजी अस्पताल में भेज दिया जाता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल में लगे हाईटेक जाँच मशीन रहने के बावजूद जाँच नहीं होने के कारण इलाज के अभाव में गरीब व लाचार लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सहरसा सदर अस्पताल में ओर्थोपेडिक्स का समुचित इलाज व ऑपरेशन की नियमित व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ऑक्सीजन प्लांट चालू करनवाने हेतु

*599. श्री प्रहलाद यादव (क्षेत्र संख्या-167 सूर्यगढ़ा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला सदर अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट चालू नहीं रहने के कारण रोगी को ऑक्सीजन के अभाव में निजी अस्पताल जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ऑक्सीजन प्लांट चालू करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

टी०बी० की दवा को उपलब्ध कराना

*600. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-194 आरा)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 8 मई, 2024 को प्रकाशित शीर्षक "दवा की कमी राज्यभर के टी०बी० मरीजों की जान पर पड़ सकती है भारी" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के टी०बी० रोगियों के लिये आईसोनियाणिड, टी०एस०टी०बी०, आई०पी० जैसे अन्य टी०बी० का दवा राज्य के अस्पतालों में नहीं मिल रहा है, जबकि राज्य भर के दवा भंडारों में टी०बी० की पहली और दूसरी लाइन की दवाएं खत्म हो जाने के कारण टी०बी० मरीजों को इलाज कराने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार राज्य के सभी अस्पतालों में उक्त टी०बी० की दवाओं को उपलब्ध कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि देश के सभी राज्यों में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम लागू है। टी०बी० मरीजों के उपचार के लिये सभी प्रकार की दवायें केन्द्रीय यक्ष्मा प्रभाग, भारत सरकार के माध्यम से प्राप्त होती रही है। कतिपय कारणों से केन्द्रीय यक्ष्मा प्रभाग, भारत सरकार से यक्ष्मा निरोधी दवाओं को भेजने में विलम्ब होने की स्थिति में स्थानीय क्रय कर दवा आपूर्ति करने हेतु जिलों को तथा बिहार चिकित्सा सेवाये-सह आधारभुत संरचना निगम को राशि आवंटित की गयी है।

2. राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत टी०बी० एवं ड्रग रेजिस्टेण्ड टी०बी० रोगियों के उपचार के लिये बिहार चिकित्सा सेवायें-सह-आधारभूत संरचना निगम द्वारा कुल 12 प्रकार की दवाओं का अनुबंध है, तथा भारत सरकार द्वारा निर्धारित 4 प्रकार का विशिष्ट पैक (कौम्बी पैक) एवं 5 प्रकार की अन्य टी०बी० निरोधी दवाएं कुल 9 प्रकार की औषधियों को Essential Drug List में शामिल करने पर अंतिम टेकनीकल कमिटी की बैठक में सर्वसम्मति से समावेशित करने का निर्णय लिया जा चुका है एवं बी०एम०एस०आई०सी०एल० के माध्यम से कुल 9 प्रकार की यक्ष्मा अवरोधी दवाओं का दर निर्धारण प्रक्रियाधीन है।

3. केन्द्रीय यक्ष्मा प्रभाग, भारत सरकार से टी०बी० की दवाएं मिलना प्रारम्भ हो गया है।

-------------

100 के०वी० का ट्रांसफॉर्मर लगाना

*601. श्रीमती नीतु कुमारी (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के हिसुआ, नरहट और अकबरपुर प्रखण्ड अन्तर्गत आनेवाले रिहायशी क्षेत्रों की आबादी बढ़ने से बिजली की खपत भी बढ़ गयी है, जहां पहले से लगे 63 के०वी० के ट्रांसफॉर्मर विद्युत् खपत की आपूर्ति नहीं कर पाता है, फलतः बराबर ट्रांसफॉर्मर जलते हैं और विद्युत् आपूर्ति बाधित होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखण्डों में लगे सभी 63 के०वी० के ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर 100 के०वी० का ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*602. श्री आलोक रंजन (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा सदर अस्पताल में करोड़ों की लागत से लगाया गया ऑक्सीजन प्लांट लगभग एक साल से बंद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ऑक्सीजन प्लांट में लगे तांबे की पाइप चोरी हो गयी है, जिसकी प्राथमिकी तक दर्ज नहीं करवायी गयी है ;

(3) क्या यह बात सही है कि ऑक्सीजन प्लांट खराब होने के कारण निजी कंपनी से ऑक्सीजन खरीदना पड़ता है जिससे सरकार की राजस्व की भी हानि हो रही है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सहरसा सदर अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट को सुदृढ़ करने सहित लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मेडिकल प्रतिपूर्ति का लाभ

*603. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में कार्यरत सरकारी कर्मचारी के अन्तर्गत विवाहित महिला के संबंध में पारिवारिक परिभाषा को लेकर कोई स्पष्ट दिशा निर्देश नहीं होने के कारण विवाहित महिला के माँ-पिता या सास-ससुर को मेडिकल Reimbursement (प्रतिपूर्ति) का लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हाँ तो राज्य सरकार में कार्यरत सरकारी कर्मचारी विवाहित् महिला के मा-पिता या सास-ससुर को मेडिकल Reimbursement (प्रतिपूर्ति) का लाभ देने हेतु प्रावधान सरकार कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जर्जर पोल एवं तार को बदलना

*604. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड मदनपुर में रफीगंज से शिवगंज जाने वाली 33000 और 11000 बिजली का तार एवं पोल जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रफीगंज के कीयाखाप पावर ग्रिड से लाइन निकलता है और उचैली तेलडीहा होते हुये मदनपुर जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में स्थित सभी जर्जर पोल एवं तार को बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण कराना

*605. श्री अवध बिहारी चौधरी (क्षेत्र संख्या-105 सिवान)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा तीन वर्ष पूर्व यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में पाँच (5) स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण कराना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत सिवान सदर प्रखंड के स्वास्थ्य उप-केन्द्र भरथुई, पड़ीया, विशुनपुरा, क़लींजलीं रा एवं देवापाली के भवन निर्माण हेतु प्रश्नकर्ता द्वारा सूची दिया गया है, परंतु अभीतक स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन के निर्माण नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्रों के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् आपूर्ति करना

*606. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखंड के पल्स ग्राम में तथा प्राणपुर प्रखंड के अठारे ग्राम में चयनित एजेंसी द्वारा ससमय उपकरण आपूर्ति नहीं किये जाने के कारण कृषि कार्य, विद्युत् आपूर्ति से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों में कृषि कार्य हेतु विद्युत् सामग्री लगाकर विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कुव्यवस्था दूर करना

*607. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना स्थित मेडिकल कॉलेज, पी0एम0सी0एच0 में एम0बी0बी0एस0 की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रदत्त होस्टल कुव्यवस्था और दुर्दशा की शिकार है, वहाँ की साफ-सफाई, रख-रखाव और भवन की स्थिति काफी दयनीय है ;

(2) क्या यह बात सही है कि होस्टल में रहने वाले एम0बी0बी0एस0 के विद्यार्थियों और उनके सामानों के सुरक्षा की कोई विश्वसनीय व्यवस्था नहीं होने के कारण बच्चे भय के माहौल में चिकित्सा की पढ़ाई कर रहे हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पी0एम0सी0एच0 के होस्टल की साफ-सफाई, सुरक्षा, रख-रखाव और व्यवस्था को सुनिश्चित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

टावर लगवाना

*608. श्री प्रहलाद यादव (क्षेत्र संख्या-167 सूर्यगढा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के कोर्ट एरिया पावर ग्रिड से महेशलेटा, खगौर, खुटकपार और अन्य पंचायतों में बिजली का आपूर्ति किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कोर्ट एरिया पावर ग्रिड तथा इन पंचायतों के बीच किउल नदी तथा वृक्ष रहने के कारण प्राय: वर्षा या तेज हवा चलने से बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है ;

(3) यह उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निर्बाध बिजली आपूर्ति हेतु किउल नदी के दोनों किनारों पर टावर लगवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली पोल हटाना

*609. श्री बीरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-139 रोसडा (अ0जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर ओवरब्रिज के मध्य में बिजली का पोल अवस्थित रहने के कारण ओवरब्रिज का कार्य लम्बित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ऐसे कई निर्माणाधीन सड़कों के मध्य में बिजली का पोल रहने के कारण आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक ऐसे बिजली के पोल को हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दवाओं की आपूर्ति करना

*610. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में आयुष माध्यम से इलाज होने वाले सरकारी अस्पतालों की संख्या 173, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या 1399, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या 533, जिला अस्पतालों की संख्या 36 में कुल 2200 आयुष चिकित्सक पदस्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आयुष दवाओं के अभाव में आयुष चिकित्सक धड़ल्ले से पिछले 10 सालों से ''एलोपैथिक'' दवाएं रोगी को लिख रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में आयुष दवाओं की आपूर्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् आपूर्ति कराना

*611. डॉ0 रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंडान्तर्गत रसूलपुर पंचायत के बाईस टोंक, कसमर पंचायत के तिवारी टोला एवं सैदपुर पंचायत के सालेपुर टोक, नवडीहा टोक, जदूशहर टोक, सतघरवा टोक में कृषि कार्य हेतु विद्युतीकरण कराया गया था किन्तु असामाजिक तत्वों के द्वारा बिजली का तार काट लेने के कारण दो वर्षों से विद्युत् आपूर्ति बाधित है, जिसके कारण उक्त सभी पंचायत के किसानों को सिंचाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर बिजली का तार लगाकर सुचारू रूप से विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र स्थापित कराना

*612. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चिरैया प्रखंड के चिरैया विद्युत शक्ति उप-केन्द्र से चिरैया प्रखंड के 23 ग्राम पंचायतों में से 19 ग्राम पंचायतों को ही बिजली की आपूर्ति की जाती है किन्तु विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र की क्षमता कम 8 होने के कारण लगभग 10 किलो मीटर एरिया को विद्युत् की आपूर्ति नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक चिरैया विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र के अतिरिक्त शिकारगंज ग्राम में नया विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ग्रिड का निर्माण कराना

*613. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में किशनगंज ग्रिड से दिघलबैंक की दूरी लगभग 50 कि0मी0 है, जिसके कारण एक भी इनसुलेटर पंक्चर होने अथवा अन्य उपकरण के खराब हो जाने से बिजली आपूर्ति बहाल करने में हप्तों का समय लग जाता है तथा 33 के0 वी0 लाइन खराब होने की स्थित में आपूर्ति ठप हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दिघलबैंक अंथवा बहादुरगंज में ग्रिड का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

केबुल तार लगवाना

*614. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के पताही प्रखंड अंतर्गत बखरी ग्राम पंचायत के वार्ड नम्बर 3, 4, 5, 6 में बिजली की आपूर्ति तो है परंतु जर्जर व नंगे तार के लटक जाने के कारण आये दिन दुर्घटना तथा वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पताही प्रखंड के बखरी पंचायत के वार्ड नंबर 3, 4, 5, 6 में केबुल तार लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*615. श्री श्रीकान्त यादव (क्षेत्र संख्या-113 एकमा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखण्ड एकमा, पंचायत नवादा, ग्राम-बाल एवं पंचायत देवपुरा, ग्राम-देवपुरा भर टोली में ट्रांसफार्मर खराब है तथा हमेशा लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों के ट्रांसफॉर्मर बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नए सी0एस0एस0 का अधिष्ठापन करना

*616. श्रीमती रश्मि वर्मा (क्षेत्र संख्या-3 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में नवनिर्माण हो रहे स्मार्ट सिटी में पुराने ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर नए सी0एस0एस0 का अधिष्ठापन विभाग द्वारा किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सी0एस0एस0 कपैक्ट सब-स्टेशन पुरानी ट्रांसफॉर्मर से अधिक सुरक्षित एवं शक्तिशाली है, जिससे निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत् आपूर्ति होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पश्चिम चंपारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज विधान सभा क्षेत्र में निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत् आपूर्ति हेतु पुराने ट्रांसफॉर्मर को हटाकर नए सी0एस0एस0 का अधिष्ठापन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रांसफॉर्मर लगवाना

*617. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-23 अतरी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत अतरी विधान सभा क्षेत्र में कृषि कार्य हेतु ट्रांसफॉर्मर के अभाव में किसानों को खेती करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि सरकारी नियमानुसार हर गाँव में ट्रांसफॉर्मर लगाया जाना है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विधान सभा के हर ग्राम में कृषि कार्य हेतु ट्रांसफॉर्मर लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बैंक खाते में वेतन देना

*618. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-5 लौरिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के स्वास्थ्य विभाग में सफाई एवं सुरक्षा कर्मियों को ठेकेदारी व्यवस्था के माध्यम से रखा गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के लौरिया रेफरल अस्पताल की सुरक्षा एवं सफाई का जिम्मा डॉली सिक्योरिटी प्रा0 लि0 को प्राप्त है तथा यहाँ की व्यवस्था में कामगारों की पर्याप्त संख्या नहीं रहने पर इसमें लगे सफाई एवं सुरक्षा कर्मी शोषण का शिकर हो रहे हैं, साथ ही कर्मियों का पारिश्रमिक का ससमय भुगतान बैंक खाता के माध्यम से नहीं किया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिन कम्पनियों के माध्यम से कामगारों को लिया जाता है उनके द्वारा मासिक पारिश्रमिक सुनिश्चित करने तथा संबंधित कर्मी के बैंक खाते में सीधे वेतन भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*619. मो0 आफाक आलम (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखण्ड के उप-स्वास्थ्य केन्द्र, जलालगढ़ को 30 बेड का अस्पताल में उत्क्रमण हेतु भूमि, जनसंख्या आदि सभी अर्हताएँ मौजूद है, साथ ही चिकित्सकों को रहने के लिए आवास नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को 30 बेड का स्वास्थ्य केन्द्र एवं चिकित्सक के लिए आवास का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रांसफॉर्मर एवं विद्युत् तार लगाना

*620. डॉ0 सुनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-172 बिहारशरीफ)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखंड के ढ़ीबरा पंचायत के मौजा-माधोपुर और फतेहपुर में विद्युत् तार एवं ट्रांसफॉर्मर नहीं रहने के कारण सिंचाई में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों मौजा में चालिसा खेत के पास सिंचाई हेतु ट्रांसफॉर्मर एवं विद्युत् तार कबतक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*621. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज प्रखंड अंतर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, फूलकाहा में वर्ष 2009 10 से ही अस्पताल का मुख्य भवन, चिकित्सकों एवं कर्मियों के आवासीय भवन सहित कुल तीन यूनिट भवन का निर्माण कार्य छतों की ढलाई के बाद से अधूरा पड़ा हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इन भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*622. श्री बीरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-139 रोसड़ा (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा दिनांक 10 फरवरी, 2023 को क्षेत्र भ्रमण के दौरान समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिघिया में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे एवं उनके रहते हुये जिन कर्मचारियों की ड्यूटी रात में थी उनकी उपस्थिति दिन में ही दर्ज थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में प्रतिनियुक्त चिकित्सक पूरे सप्ताह में एक दिन ड्यूटी पर आते हैं और अपना पोशाक बदल कर फोटो खिंचवाकर पूरे एक सप्ताह की उपस्थिति दर्ज कर लेते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त चिकित्सकों एवं कर्मचारियों पर कौन सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

बिजली सप्लाई की व्यवस्था करना

*623. श्री जितेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावां)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावां विधान सभा में कृषि विद्युत् योजना के आलोक में किसानों को बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है, किन्तु बिजली सप्लाई की सुचारू व्यवस्था अभीतक नहीं हो पाई है तथा इस कार्य की प्रगति भी काफी धीमी है, जिससे किसानों को कृषि कार्य में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक किसानों को उपलब्ध कराये गये बिजली कनेक्शन के आधार पर बिजली सप्लाई की सुचारू व्यवस्था त्वरित गति से कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युत् आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कराना

*624. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213काराकाट)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट विधान सभा अंतर्गत घीन्हु ब्रह्म स्थान में चैत्र मास नवमी तक एवं दशहरा के समय बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है, किन्तु वहां पर्याप्त विद्युत् आपूर्ति के अभाव में श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पर्याप्त विद्युत् आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

उच्च क्षमता का नया ट्रांसफॉर्मर लगाना

*625. डॉ० निक्की हेम्ब्रम (क्षेत्र संख्या-162 कटोरिया (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका अन्तर्गत कटोरिया प्रखंड के मनिया पंचायत के ग्राम सलैया में लगे 63 के०वी० के ट्रांसफॉर्मर से जमखुट एवं सिहुलिया गांव के लभग 500 घरों को बिजली प्राप्त होती है, किन्तु अधिक लोड होने के कारण लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गांव में उच्च क्षमता का नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*626. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला स्वास्थ्य समिति, बेगूसराय के पत्रांक DHSBGS/23-24/210, दिनांक 12 फरवरी, 2024 के आलोक में बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग के पत्रांक 1187 (10), दिनांक 14 दिसम्बर, 2023 द्वारा बेगूसराय विधान सभा अंतर्गत बेगूसराय सदर प्रखंड में 4 एवं वीरपुर प्रखंड में 5 स्वास्थ्य उप केन्द्र क्रमशः कैथ, खम्हर, रजौड़ा, वन्द्वार, डीहपुर भववानन्दपुर, जगदर, नौला एवं गाड़ा का भवन निर्माण हेतु चयन के उपरांत प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बावजूद अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है, जिससे आमजनता को चिकित्सा कराने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्रों का निर्माण कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*627. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत फुल्लीडूमर प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, धनकुरिया के भवन का निर्माण लगभग 05 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन के निर्माण में प्राक्कलन के अनुसार बालू, सीमेंट एवं ईंट निम्न स्तर का प्रयोग किया गया है तथा भवन का प्लास्टर भी निम्न स्तर का है, जो अभी से टूटने लगा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण की जांच कर विभाग तथा संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जाँच कराना

*628. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के गोह विधान सभा क्षेत्र में पी चंद्र एवं क्रिप्स कंपनी द्वारा वर्ष 2021 से 2023 के बीच कृषि एवं घरेलू कार्य हेतु पोल, तार एवं ट्रांसफॉर्मर लगवाने का आधा-अधूरा कार्य किया गया, जो काफी असंतोषजनक है और प्राक्कलन की विशिष्टयों के अनुरूप नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पी चंद्र एवं क्रिप्स कंपनी द्वारा कराये गये कार्यों की जांच कराने एवं अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*629. श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावां)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत अस्थावां विधान सभा के बिन्द प्रखंड के ग्राम-उतरथू में नया सामुदायिक अस्पताल भवन का निर्माण किया जाना निश्चित हुआ है, जिसके लिये खाता संख्या 220, खेसरा/प्लॉट सं० 1505, 1506 द्वारा जमीन उपलब्ध करा दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जमीन उपलब्ध होने के बावजूद नया सामुदायिक अस्पताल भवन का निर्माण कार्य अभीतक शुरू नहीं हो पाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त नया सामुदायिक अस्पताल भवन का निर्माण कार्य शुरू करते हुये त्वरित गति से पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्थानांतरण करना

*630. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजकीय तिब्बी कॉलेज एवं अस्पताल, पटना में तृतीय वर्ग के कर्मचारी, लिपिक एवं प्रधान लिपिक-सह-लेखापाल 20-30 वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत हैं जो नियम विरुद्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रधान लिपिक, लिपिक-सह-लेखापाल की मिली भगत से वित्तीय अनियमितता की गयी है, जिसमें मो० मोखतार वामिक, निशात अहमद, राजेश कुमार इत्यादि शामिल हैं, जबकि इनके विरुद्ध आरोप गठित है एवं विभागीय कार्रवाई चल रही है ;

(3) क्या यह सही है कि उपर्युक्त कर्मी अवैध तरीके से अकूत संपत्ति अर्जित किये हैं एवं उनकी शैक्षणिक डिग्री भी फर्जी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त कर्मियों का स्थानांतरण करते हुये इनकी संपत्ति की जाँच करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माण कराना

*631. श्री फते बहादुर सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डिहरी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सोनहर (शिवसागर) में दिनांक 10 अगस्त, 2021 को तत्कालीन उप-मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री, सांसद एवं विधायक की उपस्थिति में हेल्थ वेलनेस सेन्टर का शिलान्यास किया गया था, जिसका लगभग तीन वर्ष होने वाला है लेकिन निर्माण कार्य अभीतक चालू नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पर्यटकीय सुविधाएं उपलब्ध कराना

*632. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के झाझा प्रखंड अन्तर्गत नागी-नकटी जलाशय में साईबेरियन सहित अन्य प्रवासी और देशी पक्षियों के लगभग 150 प्रजातियाँ जाड़े के मौसम में प्रवास पर आने के कारण सरकार द्वारा 15 जनवरी, 2021 को राज्य का पहला राजकीय पक्षी महोत्सव का शुभारम्भ किया गया तथा यहां पर पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नागी-नकटी जलाशय के नजदीक पर्यटकों के लिये आवासन सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पदस्थापन करना

*633. श्री छत्रपति यादव (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत सदर अस्पताल में 52 पद डॉक्टरों के लिये सृजित है, जिसके विरुद्ध मात्र 13-14 डॉक्टरों की ही प्रतिनियुक्ति हैं, साथ ही सदर अस्पताल में जेनरल सर्जन, ऑर्थोपेडिक, जेनरल फिजिशियन एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों तथा रेडियोलॉजिस्ट एवं ई०सी०जी० विशेषज्ञ की प्रतिनियुक्ति नहीं रहने के कारण रोगियों को जिले से बाहर उपचार हेतु जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सदर अस्पताल, खगड़िया में डॉक्टरों के पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युत् आपूर्ति कराना

*634. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनवर्षा प्रखंड के फरछहियां ग्राम में विद्युत् पावर सब-स्टेशन स्थापित है, किन्तु इस फीडर से फरछहियां गांव को नहीं जोड़ा गया है, जिससे वहां की

जनता विद्युत् आपूर्ति से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक फरछहियां फीडर को फरछहियां गांव से जोड़कर विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री- -वस्तुस्थिति यह है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखंड के फरछहियां ग्राम में विद्युत् पावर सब-स्टेशन स्थापित है। परंतु इस पावर सब-स्टेशन में फरछहियां नाम से कोई फीडर नामित नहीं है।

वर्तमान में ग्राम-फरछहियां में पावर सब-स्टेशन फरछहियां से निकलने वाली भूतही फीडर से विद्युत् की आपूर्ति सूचारू रूप से की जा रही है।

-------------

चिकित्सक का पदस्थापन

*635. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)- -क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत सदर अस्पताल समस्तीपुर में हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति नहीं होने से रोगियों को हड्डियों से संबंधित इलाज कराने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सदर अस्पताल समस्तीपुर में हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कठिनाई को दूर करना

*636. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)- -क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- -

(1) क्या यह बात सही है कि इन्दिरा गाँधी आयुर्विज्ञान पटना में पदस्थापित श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह वशिष्ठ बायोमेडिकल (Biomedical) इंजीनियर के जिम्में चार विभाग स्टोर, सिविल, इलेक्ट्रीसियन एवं ट्रान्सपोर्ट का कार्यभार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एक पदाधिकारी द्वारा चार विभाग को संचालित करने के कारण कार्य सुचारू रूप से संचालित नहीं होता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि वहां इन विभागों को स्वतंत्र रूप से देखने हेतु सक्षम पदाधिकारियों की कमी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार एक ही पदाधिकारी से चार विभाग में कार्य करने के कारण हो रही कठिनाई को कबतक दूर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बिजली आपूर्ति करना

*637. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)- -क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि - -

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला में रहुई नगर पंचायत के अन्तर्गत वार्ड सं० 01 के मुहल्ला रहीमपुर के वासियों से विगत 03 वर्षों से शहरी बिजली बिल लिया जा रहा है, जबकि ग्रामीण बिजली की आपूर्ति की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शहरी बिजली आपूर्ति से सिर्फ पोल गाड़ दिया गया है, तार एवं ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है जिससे उपभोक्ताओं में क्षोभ व्याप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तार एवं ट्रांसफॉर्मर लगाकर उक्त वार्ड के वासियों को शहरी बिजली आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

उप-स्वास्थ्य केन्द्रों को बनाना

*638. श्री महा नंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)- -क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के कलेर प्रखण्ड के उसरी, सरवरपुर, करपी के केयाल अरवल प्रखण्ड के भदासी, प्रसादी इंग्लिश, सूमेरा में प्रस्तावित उप-स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण नहीं होने से उक्त इलाके के ग्रामीणों के इलाज के लिये दिक्कत होती है और साधारण बीमारी के लिये दूर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार अरवल के उपरोक्त प्रस्तावित उप स्वास्थ्य केन्द्रों को कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*639. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा विधान सभा क्षेत्र के मोरवा प्रखंड में चकपहाड़, सोंगर एवं चकसिकन्दर तथा ताजपुर प्रखंड के मानपुरा एवं फतेहपुरावाला में हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर के निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2023 में ही दी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर का निर्माण अभीतक नहीं होने के कारण क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार.खंड (1) में वर्णित हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टरों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुनः निविदा निकाल कर कार्य प्रारंभ करना

*640. श्री ललित कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा AIIMS निर्माण हेतु दिनांक 13 अप्रील, 2023 की Nit No.-BMSICL/Infra/15/2023 के द्वारा चहारदीवारी निर्माण एवं मिट्टी भराई हेतु निविदा निकाली गई थी, जिसे पुनः रद्द/स्थगित कर दिया गया था, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पुनः निविदा निकालकर कार्य प्रारंभ करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना का कार्यान्वयन

*641. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना का कार्यान्वयन ई-साक्षी पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है जिसमें उक्त योजना के कार्यान्वयन की सारी प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से पूरा किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार के योजना एवं विकास विभाग द्वारा विधानमंडल के सदस्यों के अनुशंसा के आलोक में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना का कार्यान्वयन कराया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के कार्यान्वयन के लिये ई-साक्षी पोर्टल के समकक्ष पोर्टल बनाकर उक्त योजना के कार्यान्वयन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*642. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बासोपट्टी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मधुबनी में रहते हैं तथा महीना में एक-दो दिन ही आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर महिलाओं का प्रसव नहीं कराकर निजी नर्सिंग होम भेज दिया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पर कार्रवाई करने पर विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थानांतरण

*643. श्री मिश्री लाल यादव (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी नियमानुसार कोई सरकारी पदाधिकारी एक स्थान पर अपने पद पर तीन साल से अधिक नहीं रह सकते हैं, जिसमें डॉक्टर भी शामिल हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अलीनगर, तारडीह प्रखंड, घनश्यामपुर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र केवटी के डॉक्टर एवं प्रभारी एक स्थान पर 5 साल, 10 साल एवं 3 साल से अधिक से अपने पद पर कार्यरत हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार 3 साल से अधिक समय से एक स्थान पर पदस्थापित उक्त डॉक्टरों को अन्यत्र पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पार्क बनाना

*644. श्री सिद्धार्थ पटेल (क्षेत्र संख्या-125 वैशाली)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत वैशाली प्रखंड में अवस्थित ऐतिहासिक अभिषेक पुष्पकरणी (खरौना पोखर) एवं विश्व शांति स्तूप के आस-पास का क्षेत्र गंदगी एवं घास-फूस से भरा पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ऐतिहासिक धरोहरों के आस-पास के क्षेत्रों की सफाई कराते हुये सौन्दर्यीकरण करने एवं पार्क बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्युत् कनेक्शन देना

*645. श्री सुनील मणि तिवारी (क्षेत्र संख्या-14 गोविन्दगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी पंचायतों में कृषि कार्य हेतु अतिरिक्त कृषि फीडर देकर किसानों को अलग से विद्युत् कनेक्शन दिया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के पहाड़पुर प्रखंडान्तर्गत मझरिया, पश्चिमी सरैया, पूर्वी सरैया, तेजपुरवा, सोनवल सहित दर्जनों पंचायत में अभीतक अलग से कृषि फीडर का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कृषि फीडर से वंचित पंचायतों में कृषि कार्य हेतु जल्द कृषि फीडर का कार्य कराकर किसानों को विद्युत् कनेक्शन देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पर्यटकीय स्थल के रूप में विकसित करना

*646. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला आध्यात्मिक रूप से काफी प्रसिद्ध है तथा यहाँ स्थित गंगा नदी के घाटो पर गंगा आरती सहित अनेकों आध्यात्मिक कार्य एवं पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बक्सर जिला के सभी घाटों को पर्यटकीय स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

बिजली देना

*647. डॉ0 निक्की हेम्ब्रम (क्षेत्र संख्या-162 कटोरिया (अ0ज0जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत निर्मित ग्रिड से सीधे बौंसी में निर्मित विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र को 33 हजार के0वी0 का बिजली न आकर बाराहाट विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र से बिजली प्राप्त होती है, जिससे नगर पंचायत, बौंसी में बिजली आपूर्ति की समस्या सदैव बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्रिड से सीधे बौंसी विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र को बिजली देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

मुआवजा देना

*648. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्तमान वर्ष में राज्य के औरंगाबाद जिला में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ी है और तापमान 48 डिग्री से 49 डिग्री तक रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अधिकतम तापमान होने से लू लगने से औरंगाबाद जिला में 500 से अधिक व्यक्तियों की मौत हो गई है जिन्हें नियमानुकुल सरकारी आपदा का मुआवजा नहीं प्राप्त हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो औरंगाबाद जिला में लू लगने से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को सरकार कबतक मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*649. श्री संतोष कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-209 करगहर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के प्रखण्ड कोचस पंचायत के कथराई स्थित ग्राम-परसथुआँ का स्वास्थ्य उप-केन्द्र जीर्ण-शीर्ण है, जिसके पुनर्निर्माण की आवश्यकता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र, पटना-मोहनियां फोरलेन (एन०एच० 30) पर स्थित है, यहां अगल-बगल के गांवों से प्रतिदिन सैकड़ों मरीज स्वास्थ्य उप-केन्द्र में इलाज हेतु आते है, परन्तु स्वास्थ्य सुविधाओं एवं डॉक्टरों के नदारद रहने के कारण स्वास्थ्य सुविधा से वंचित रह जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक परसथुआं के स्वास्थ्य उप-केन्द्र को उत्क्रमित करने एवं भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पदस्थापन करना

*650. श्री शिव प्रकाश रंजन (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत सदर अस्पताल, आरा में फॉरेसिंक डॉक्टर नहीं हैं जिसके कारण 1-3 वर्ष के उम्र के बच्चों का एवं कॉम्प्लिकेशन या उलझे हुये केसों जैसे रेप, जहर खाने, फांसी लगाने से मृत्यु आदि का पोस्टमार्टम नहीं हो पाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल, आरा में मात्र एक पोस्टमार्टम सहायक पदस्थापित होने के कारण पोस्टमार्टम में काफी विलंब होता है तथा मृतक के परिजनों को बेवजह इंतजार करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सदर अस्पताल, आरा में फॉरेसिंक डॉक्टर एवं अतिरिक्त पोस्टमार्टम सहायक की पदस्थापना कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र की स्थापना

*651. श्री उमाकांत सिंह (क्षेत्र संख्या-7 चनपटिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अन्तर्गत चनपटिया प्रखंड में अवरैया, लालगढ़, गिधा, लोहियरिया, उत्तरी घोघा, दक्षिणी घोघा एवं बकुलहर पंचायत में कुमारबाग विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र से दूरी ज्यादा होने से विद्युत् सप्लाई बाधित होते रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक लोहियरिया में विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मुआवजा की राशि भुगतान करना

*652. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कुशुम देवी, c/o अर्जुन राय, मोहल्ला-शुभंकरपुर, थाना-नगर, अंचल-सदर, जिला-दरभंगा की मृत्यु कोविड-19 की लहर में वर्ष 2021 में हो गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय गलती से कुशुम देवी, c/o अर्जुन राय के स्थान पर कुशुमाकर दूबे c/o अर्जुन राय अंकित हो गया था, जिसके सुधार हेतु जिला स्वास्थ्य समिति, दरभंगा अपने पत्रांक 36/डीसीपी/डीएचएस/2022, दिनांक 15 मार्च, 2022 द्वारा अधीक्षक, डीएमसीएच को भेजा गया था, परन्तु अभीतक मृतक के परिजन को सरकार द्वारा घोषित मुआवजा की राशि नहीं मिल पायी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतक के परिजनों को मुआवजा की राशि भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सहायता राशि बढ़ाना

*653. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-24 बथनाहा (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में हो रहे स्वास्थ्य कार्यों जैसे प्रसव, टीकाकरण एवं सर्वेक्षण का कार्य आशा वर्कर्स से कराया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रति प्रसव आशा वर्कर्स को महज 300 रुपया दिया जा रहा है जिससे आशा कार्यकर्ताओं का परिवार आर्थिक कठिनाइयों से गुजर रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक आशा वर्कर्स के सहायता राशि को बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*654. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत इन्द्रपुरी जलाशय से निकलने वाली आरा मुख्य नहर के कुछ लॉक पर बिजली उत्पादन करने के लिये पन बिजली प्लांट 15 वर्ष पूर्व लगाया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि इसी क्रम में रोहतास जिला के काराकाट प्रखण्ड के पहरमा लॉक पर पन बिजली प्लांट लगाने हेतु कार्य प्रगति पर था किन्तु बीच में ही लगभग 10 वर्ष पूर्व उक्त कार्य को बंद कर दिया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अधूरे कार्य को पूर्ण कराने तथा संवेदक पर नियम संगत कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री-- (1) ढेलाबाग, नासरीगंज एवं सेबारी लॉक पर पन बिजली परियोजनाएँ उत्पादनरत है।

(2) स्वीकारात्मक ।

(3) स्वीकारात्मक । पहरमा पन बिजली परियोजना से संबंधित शेष असैनिक कार्य के संवेदक को विभागीय काली सूची में रख दिया गया है। साथ ही बचे हुये कार्यों को यथाशीघ्र संपन्न करने हेतु निगम प्रयत्नशील है।

---

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*655. श्री राजीव कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत संग्रामपुर प्रखंड स्थित संग्रामपुर बाजार में एक ब्रिटिशकालीन पोखर अवस्थित है, जिसकी साफ-सफाई एवं देखभाल न होने से यह धरोहर अब जलकुंभियों एवं गंदगी से भर गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पोखर के नजदीक एक प्रसिद्ध पौराणिक शिव मंदिर भी स्थित है, जिसके दर्शन हेतु श्रद्धालु बड़ी संख्या में सावन के महीने में आते हैं और इस मंदिर में शादी-विवाह का कार्यक्रम भी होता रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सांस्कृतिक धरोहर उक्त पोखर एवं मंदिर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*656. श्री भारत भूषण मंडल (क्षेत्र-संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के लौकहा विधान सभा अन्तर्गत प्रश्नकर्ता के अनुशंसा पर मॉडल प्राक्कलन के आधार पर पाँच उप-स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण होना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्रों की अनुशंसा वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में किया गया था, परंतु आजतक उक्त केन्द्रों का निर्माण नहीं किया गया है, जिससे मरीजों को इलाज कराने हेतु काफी दूर जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-कन्द्रों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

लाइटनिंग सेंसर लगाना

*657. श्री अली अशरफ सिद्दिकी (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में लाइटनिंग सेंसर नहीं लगने के कारण वज्रपात से अभीतक इस वर्ष पटना के दो, रोहतास के दो सहित राज्य में कुल 21 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि लाइटनिंग सेंसर लगाने का निर्णय तीन वर्ष पूर्व ही सरकार द्वारा लिया गया था, यदि हाँ, तो लाइटनिंग सेंसर अभीतक नहीं लगाये जाने का औचित्य क्या है और इसके लिये दोषी कौन है ?

कुव्यवस्था हटाना

*658. श्री समीर कुमार महासेठ (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पी०एम०सी०एच० पटना, जवाहरलाल नेहरू कॉलेज एवं अस्पताल, भागलपुर, डी०एम०सी०एच०, दरभंगा सहित राज्य के सरकारी ब्लड बैंकों में अस्पतालों द्वारा ब्लड हेतु रिक्किजीशन भेजे जाने पर खून उपलब्ध नहीं रहने पर लिखित रूप से नहीं दिया जाता है, जिसके कारण मरीज के परिजन इधर-उधर भटकते हैं, यदि हाँ, तो सरकार सरकारी ब्लड बैंकों में ब्लड नहीं रहने की स्थिति में लिखित रूप से देने एवं इस तरह की व्याप्त कुव्यवस्था को दूर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मुआवजा की राशि

*659. श्री मिश्री लाल यादव (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबन्धन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के घनश्यामपुर प्रखंड के ग्राम वाउर निवासी श्री राम राउत, पिता-संजीव राउत, ग्राम-वाउर, थाना-घनश्यामपुर की मृत्यु 6 महीना पूर्व सर्प काटने के कारण हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मृतक का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गया है, फिर भी आजतक मुआवजा की राशि आश्रित को नहीं दी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई एवं मृतक के आश्रित को आप्रदा का लाभ प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नया पावर सब-स्टेशन बनाना

*660. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज पावर सब-स्टेशन से लगभग 15 कि०मी० दूर कोइनी-झझवा-पथरा आदि गांव में विद्युत आपूर्ति किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पावर-सब-स्टेशन से उक्त गांव की दूरी अत्यधिक होने के चलते विद्युत् आपूर्ति बाधित होते रहती है और उपभोक्ताओं के साथ-साथ विभाग को भी परेशानी होती रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम कोईनी में एन०एच०-27 के किनारे नया पावर सब-स्टेशन बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

मानदेय वृद्धि करना

*661. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग में संविदा पर कार्यरत कनीय अभियंताओं के मानदेय में अंतिम वृद्धि वर्ष 2019 की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश सं० पत्रांक 03/क्यू-08/2022 स०प्र० 3033, दिनांक 22 फरवरी, 2024 एवं पत्रांक 03/एम-05/2023 स०प्र० 20615, दिनांक 6 नवम्बर, 2023 और सामान्य विभाग के संकल्प सं० 1003, दिनांक 22 जनवरी, 2021 के पृष्ठ सं० 04 के पाराग्राफ 03 के "ख" में निदेश दिया गया है कि संविदा पर कार्यरत कर्मियों का मानदेय प्रत्येक वर्ष पुनरीक्षित किया जा सकेगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संविदा पर कार्यरत कर्मियों के मानदेय वृद्धि का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

------------

कार्रवाई करना

*662. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में सभी माननीय सदस्यों के अनुशंसा पर 7-7 स्वास्थ्य उप-केन्द्रों के निर्माण कराने के लिये वर्ष 2022-23 में पत्र जारी किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा सात स्वास्थ्य उप-केन्द्र निर्माण करने के लिये सूची सिविल सर्जन, बिहारशरीफ, नालंदा को फरवरी 2023 में प्राप्त करा दिया गया है फिर भी अबतक अनुशंसित स्थलों पर स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण कार्य आरंभ नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार निर्माण कार्य में हो रहे विलंब के लिये दोषियों पर कार्रवाई करने के साथ कार्यारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कर्मी को भुगतान करना

*663. श्री ललित कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि DMCH दरभंगा में पूर्व में छात्र/छात्राओं द्वारा जमा किया गया मेंटेनेंस शुल्क से छात्रावास में लगे कर्मी (महिला एवं पुरूष) को भुगतान होता था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में छात्र/छात्राओं द्वारा जमा मेंटेनेंस शुल्क सरकारी खजानों में जमा हो रहा है तथा सरकार द्वारा असमय आवंटन देने से छात्रावास में कार्य करने वाले कर्मी को ससमय वेतन मानेदय भुगतान नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक पूर्व की भांति मेंटेनेंस शुल्क से सीधे कर्मी को भुगतान करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

उपाय करना

*664. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढ़ौरा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सारण सहित पूरे राज्य में प्रीपेड एवं पोस्टपेड मीटर का बिलिंग आउटसोर्सिंग के द्वारा विभाग से कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मीटर रीडिंग करने वाली एजेंसी के द्वारा सही ढंग से मीटर रिडिंग कर सही बिलिंग नहीं करने के कारण राज्य के विद्युत् उपभोक्ता आर्थिक क्षति के साथ शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य के विद्युत् उपभोक्ताओं के हित में मीटर रिडिंग एवं बिलिंग के सही निर्धारण के लिये कौन-से उपाय करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

राजकीय मेला में शामिल करना

*665. श्री सुनील मणि तिवारी (क्षेत्र संख्या-14 गोविन्दगंज)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के अरेराज अनुमंडल में सुप्रसिद्ध श्री सोमेश्वर नाथ धाम अवस्थित है, जहां श्रावण मास के अलावे अनंत चतुर्दशी को भी व्यापक मेला लगता है, जिसमें संपूर्ण बिहार सहित नेपाल से भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिये आते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक श्रावणी मेला की तरह वहां लगने वाले अनंत चतुर्दशी मेला को भी राजकीय मेला में शामिल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नियमित विद्युत आपूर्ति करना

*666. श्री शकील अहमद ख़ाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा तथा डण्डखोरा प्रखंड के छत्तीस ग्राम पंचायत के विद्युत् उपभोक्ताओं को नियमित विद्युत् आपूर्ति नहीं किया जाता है तथा उक्त प्रखंडों में विभागीय अभियंताओं द्वारा विद्युत् आपूर्ति में आई तकनीकी खराबी को दूर करने में लापरवाही बरती जाती है, जिससे विद्युत् आपूर्ति में व्यावधान उत्पन्न होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक लापरवाह अभियंताओं पर कार्रवाई करते हुये उक्त प्रखंडों के उपभोक्ताओं को नियमित विद्युत आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन निर्माण कराना

*667. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोधगया (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के प्रखंड-फतेहपुर, ग्राम पंचायत नगमा, ग्राम-नगमा में लगभग 15 वर्षों से अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन किराये के भवन में किया जा रहा है ;

(2) क्या यह सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को 15 वर्षों के बाद भी भवन निर्माण नहीं कराया जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगमा का अपना भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बिजली कनेक्शन देना

*668. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ0 जा0)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत हाँसा के वार्ड नं0-4 नवटोली में सात निश्चय-2 की योजना 'हर खेत तक सिंचाई का पानी' के लिए मुख्यमंत्री कृषि विद्युत् संबंध योजना (एम0 के0 वी0 एस0 वाई0) अन्तर्गत कृषि एवं कृषि कार्यों हेतु बिजली कनेक्शन के लिए लगाए गए 4 ट्रांसफार्मर अगस्त, 2023, नवम्बर, 2023, दिसम्बर, 2023 एवं फरवरी, 2024 से जला हुआ है तथा 11000 वोल्ट वाला तार भी बिजली कनेक्शन नहीं रहने के कारण चोरों द्वारा काट लिया गया है, जिससे सिंचाई का कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जले हुए ट्रांसफॉर्मर को बदलकर तथा सभी पोलों पर तार के साथ पंपसेटों तक बिजली कनेक्शन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य सेवा बहाल करना

*669. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र के कुशमाहा, घोड़ाघाट, परवाहा सहित दो अन्य स्थानों पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं रमई में एक अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य वर्ष 2022 में प्रारंभ हुआ था जिसे 01 वर्ष में पूर्ण करना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक वर्णित स्थानों पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है तथा अधूरा निर्माण कार्य विगत 01 वर्ष से बंद पड़ा हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक फारबिसगंज विधान सभा के 05 स्थानों पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं रमई में एक अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य पूर्ण कर स्वास्थ्य सेवा बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जाँच और ऑडिट की कार्रवाई करना

*670. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में विद्युत् अवर प्रमंडल बहादुरगंज में गुणवत्ताहीन उपकरणों की आपूर्ति के कारण भोल्टेज एवं अन्य समस्याएं उत्पन्न होती रहती है, जिससे वहां निर्बाध रूप से विद्युत् आपूर्ति नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपकरण आपूर्ति करने वाली कंपनी/वेंडर की जाँच और ऑडिट की कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*671. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बिहियां प्रखण्ड के ग्राम-हुलास टोला, थाना-तियर के स्व0 श्रीपत यादव, पिता स्व0 मोती यादव की दिनांक 10 अगस्त, 2021 को बरसात में मिट्टी का दीवार गिरने से दब जाने के कारण मृत्यु हो गई है, लेकिन अभीतक आश्रित परिवार को सरकारी सहायता राशि नहीं दी गई है, यदि हाँ तो सरकार मृतक के आश्रित को सरकारी मुआवजा राशि कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--जिला पदाधिकारी, भोजपुर से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार मृतक श्रीपत यादव, पिता-स्व0 मोती यादव, ग्राम-हुलास टोला, थाना-तियर, अंचल-बिहियाँ, जिला-भोजपुर का अतिवृष्टि से मृत्यु के उपरान्त उनके आश्रित पुत्र राम बहादुर के बैंक खाता में अनुग्रह अनुदान की राशि रु0 4.00 लाख (चार लाख रु0) का भुगतान CFMS के माध्यम से कर दिया गया है ।

राशि उपलब्ध कराना

*672. डॉ0 सी0 एन0 गुप्ता (क्षेत्र संख्या-118 छपरा)--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 13 जून, 2024 को प्रकाशित शीर्षक ''सूबे के 1492 पी0 एच0 सी0 में दवा लाने को पैसा नहीं'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला सहित सूबे के 1492 पी0 एच0 सी0 को जिले के दवा स्टोर से दवा लाने के लिए राशि उपलब्ध नहीं रहने के कारण अस्पताल चलाने में कठिनाई हो रही है, जबकि सरकार द्वारा ग्रामीण पी0एच0सी0 को एक लाख और शहरी पी0 एच0 सी0 को 30 हजार रुपये साल के खर्च के लिए दिए जाते हैं, यदि हाँ तो सरकार कबतक 1492 पी0 एच0 सी0 में दवा के लिए राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण

*673. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय विधान सभा अंतर्गत वीरपुर प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सी0 एच0 सी0) के भवन निर्माण कराने की स्वीकृति प्रदान किये जाने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से उक्त प्रखंड वासियों को इलाज में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का यथाशीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केन्द्र बनाना

*674. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड के ढोढ़िया दादपुर पंचायत में एक भी स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण स्वास्थ्य से संबंधित समस्या का निदान हेतु दादपुर के ग्रामीणों को बिहपुर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दादपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मीटर लगाने की व्यवस्था

*675. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किसानों के आवेदन पर सिंचाई के लिये कृषि मीटर लगाये जाने का प्रावधान है परंतु पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत केसरिया विधान सभा क्षेत्र के किसानों के आवेदन करने पर कृषि मीटर विभाग द्वारा नहीं लगाया जाता है और किसान जब फसल सूखने की स्थिति में बिजली से पटवन करते हैं तो उन पर छापा मार कर भारी जुर्माना किया जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक किसानों के आवेदन पर तत्काल कृषि मीटर लगाने की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् तारों को बदलना

*676. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखंड कुटुम्बा के ग्राम इरियप, गंगतुआ, सिंघनार एवं डुमरी में जर्जर तारों द्वारा विद्युत् की आपूर्ति की जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत माह उन चालू जर्जर विद्युत् तार के टूट कर गिरने से उसके सम्पर्क में आकर कई मवेशी की मृत्यु हो गयी थी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर विद्युत् तारों को बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्थानांतरण करना

*677. श्री हरीभूषण ठाकुर ''बचोल'' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नियमानुसार किसी भी कर्मी का तीन साल में स्थानांतरण किये जाने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पंडौल में पदस्थापित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 शकील अहमद विगत दस वर्षों से पदस्थापित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित प्रावधान का अनुपालन करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 शकील अहमद को अन्यत्र स्थानांतरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण कराना

*678. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के गोराडीह प्रखंड अंतर्गत सालपुर पंचायत के घीया गांव में स्वास्थ्य उप-केंद्र का अपना भवन नहीं है, जबकि गाँव में बिहार सरकार की पर्याप्त जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक घीया गांव में स्वास्थ्य उप-केंद्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भूमि अधिग्रहण करना

*679. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई अनुमंडल के बारसाई में व्यवहार न्यायालय ने पिछले दस साल से कार्य संचालन शुरू कर दिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि व्यवहार न्यायालय के लिए अबतक भूमि अधिग्रहण नहीं हो पाया है, जिस कारण व्यवहार न्यायालय के लिए आधारभूत संरचनाओं का निर्माण नहीं हो पाया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि मुंसिफ कोर्ट भी अनुमंडल भवन के एक कमरे से संचालित हो रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार व्यवहार न्यायालय के लिए भूमि अधिग्रहण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सहायता राशि उपलब्ध कराना

*680. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-5 लौरिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोरखपुर (उ0 प्रदेश) में बिहार के कामगार स्वर्गीय झुनु पटेल, पिता-छोटेलाल पटेल, ग्राम-पड़ेरी, प्रखंड+थाना-लौरिया, जिला पश्चिम चम्पारण की विद्युत् स्पर्शाघात से मृत्यु होने पर बिहार सरकार द्वारा किसी प्रकार की सहायता राशि उपलब्ध नहीं करायी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के अंदर एवं अन्य दूसरे राज्यों में बिहार के कामगारों की विद्युत् स्पर्शाघात से मृत्यु होने पर सरकार चार लाख की सहायता राशि उपलब्ध कराती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक खंड (1) में वर्णित मृतक के परिजनों को चार लाख रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*681. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत अमौर प्रखंड के श्री महबूब आलम, ग्राम-सिमलबाड़ी नगराटोली, वार्ड नं0 03, पंचायत-ज्ञानडोभ का इंदिरा आवास योजना अंतर्गत पक्का मकान वर्ष 2022 में नदी में कटकर विलीन हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अंचल अमौर अंतर्गत ज्ञानडोभ पंचायत के राजस्व कर्मचारी द्वारा रिपोर्ट में पक्का मकान के स्थान पर झोपड़ी उल्लेखित किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि राजस्व कर्मचारी के गलत रिपोर्ट के कारण नदी कटान से प्रभावित पीड़ित को आपदा नियमावली के अनुरूप मुआवजा प्रदान नहीं किया गया ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोषी राजस्व कर्मचारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् आपूर्ति नियमित कराना

*682. श्री इजहारूल हुसैन (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत किशनगंज विधान सभा क्षेत्र के पोठिया प्रखण्ड में हल्की बारिश होने या हवा प्रवाहित होने पर यहाँ कई-कई दिनों तक बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि किशनगंज हलीम चौक स्थित पावर ग्रिड से पोठिया और फाला पी0एस0एस0 (पावर सब-स्टेशन) तक की 33 के0 वी0 लाइन में उपयोग किये गये सामग्री (इंसुलेटर, वायर) आदि ज्यादातर खराब एवं जल जा रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों में 33 के0 वी0 लाइन का गुणवत्ता की तकनीकी जाँच कराकर विद्युत् आपूर्ति नियमित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बहाल करना

*683. श्री सैयद रूकनुद्दीन अहमद (क्षेत्र संख्या-57 बायसी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी विधान सभा के प्रखंड डगरूआ एवं बायसी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, एक्स-रे, टेक्निशियन एवं दंत चिकित्सक पदस्थापित नहीं होने से मरीजों को काफी कठिनाई होती है तथा मरीजों को प्राईवेट अस्पताल में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बायसी विधान सभा अन्तर्गत प्रखंड डगरूआ एवं बायसी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक प्रतिनियुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सेवा संपुष्टि करना

*684. श्री नरेन्द्र कुमार नीरज (क्षेत्र संख्या-153 गोपालपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृप करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में वर्ष 2019 में व्याख्याता (लेक्चरर) के पद पर नियुक्ति हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नियुक्ति के दो वर्षों के बाद विभाग द्वारा सेवा संपुष्टि करने का प्रावधान है, परन्तु पांच (05) वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी वर्ष 2019 में नियुक्त व्याख्याता की सेवा संपुष्टि नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (1) में वर्णित व्याख्याताओं की सेवा संपुष्टि कबतक कराने का विचार रखती है ?

--------

आपदा राहत कोष से मदद करना

*685. श्री शम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सेमरी प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-शिक्षक के डेरा पोस्ट-बड़का रामपुर, थाना-सेमरी (हाता ओ0 पी0 तिलक राय के हाता) में दिनांक 15 अगस्त, 2023 को रोहित कुमार उम्र-18 वर्ष पिता-रामनाथ साह को स्वामी जी के मठिया गंगा कुटी के उत्तर, गंगा नदी में डूबकर मृत्यु हो गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त घटना के बाद पीड़ित परिवार को सरकार के आपदा राहत कोष से आजतक आर्थिक मदद नहीं दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष से मदद देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक।

(2) जिला पदाधिकारी, बक्सर के प्रतिवेदन के अनुसार गंगा नदी में डूबने से मृतक रोहित कुमार के आश्रित श्रीमती मीना देवी को उनके बैंक खाता संख्या-7079010182263 में CFMS के माध्यम से अनुग्रह अनुदान की राशि रु0 4.00 लाख (चार लाख रु0) का भुगतान कर दिया गया है ।

(3) उपर्युक्त खंड (2) में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

भुगतान करना

*686. श्री मुकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-126 महुआ)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कोरोना काल एवं आपदा काल में वैशाली जिला के महुआ एवं पातेपुर प्रखंड में सामुदायिक किचन का संचालन कर गरीब तथा जरूरतमंदों के बीच भोजन की व्यवस्था की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सामुदायिक किचन सरकार की घोषणा के अनुसार आमजनता के जीवन की रक्षा के लिये किया गया था, जिसका भुगतान सरकारी निधि से किया जाना था ;

(3) क्या यह बात सही है कि वर्षों बीतने के बावजूद अभीतक व्यवहृत राशि का भुगतान सामुदायिक किचन संचालनकर्ताओं को नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सामुदायिक किचन संचालनकर्ताओं को व्यय की गई राशि का एकमुश्त भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

धर्मशाला बनवाना

*687. श्री ललित नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-157 सुलतानगंज)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत शाहकुण्ड में गिरवरनाथ पर्वत एक दर्शनीय एवं धार्मिक महत्व का स्थल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शाहकुण्ड में पर्यटकों के ठहरने लायक एक भी धर्मशाला नहीं है, जबकि इस पर्वत के समीप सरकारी जमीन भी उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर धर्मशाला बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*688. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज प्रखंड के खानपुरा तारणपुर पंचायत तथा कल्याणपुर पैपुरा पंचायत में स्वास्थ्य उप केन्द्र संचालित नहीं होने से आमजनता को स्वास्थ्य सुविधाएँ नहीं मिल पाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पंचायतों में क्रमशः खीरी मोड़ और कल्याणपुर गाँव में स्थित सरकारी भूमि पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अस्पताल की बदहाल स्थिति को सदृढ़ करना

*689. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-6 नौतन)--स्थानीय हिंदी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 21 अप्रैल, 2024 को प्रकाशित शीर्षक ''जी०एम०सी०एच० आइये, संक्रमण ले जाइये'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, बेतिया में शौचालय का पानी अस्पताल परिसर में फैलने के कारण चारों तरफ संक्रमण का संभावना बनी रहती है तथा अस्पताल परिसर में गंदगी के कारण मरीजों तथा परिजनों को नाक पर रूमाल रखकर अस्पताल में जाना-आना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार जी०एम०सी०एच०, बेतिया की बदहाल स्थिति को कबतक सुदृढ़ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

वैध भूमि को पोर्टल पर दर्ज कराना

*690. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि धार्मिक न्यास बोर्ड, पटना के माध्यम से पूरे राज्य के जिलों में जिला समाहर्ता के माध्यम से मठ, मंदिर, धर्मशाला की लगभग 6000 रजिस्टर्ड एवं 5000 बिना रजिस्टर्ड की हुई तथा 30000 (तीस हजार) एकड़ भूमि का सर्वे उपरान्त पोर्टल पर ऑनलाइन लोड करने का कार्य भी सम्पादित किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण जिला स्थित मठ, मंदिर, धर्मशाला आदि के 5 (पाँच) हजार एकड़ वैध भूमि को पोर्टल पर दर्ज कराते हुये सुरक्षित एवं संरक्षित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करना

*691. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्णियाँ सिटी के पवित्र सौरा नदी के तट पर स्थित गुरूनानक देव गुरुद्वारा में पड़ोसी राज्य, और पड़ोसी देश से श्रद्धालुओं और पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है, क्योंकि यहां पर गुरूनानक देव के एक रात विश्राम हेतु उपयोगार्थ सामग्री अबतक संरक्षित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ऐतिहासिक धार्मिक प्राचीन स्थल का जीर्णोद्धार कराने एवं पूर्णियाँ सिटी को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

इलाज चालू कराना

*692. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2022-23 के बाद अबतक बिहार सरकार द्वारा सभी जिलों में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर जैसे सैकड़ों अस्पतालों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, लेकिन उक्त केन्द्रों में चिकित्सक और अन्य स्वास्थ्य कर्मी बहाल नहीं होने से रोगियों का इलाज नहीं हो पा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्ण रूप से नवनिर्मित अस्पतालों में प० चम्पारण जिले के मैनाटांड़ प्रखंड में रामपुर का हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जग्नाथपुर (शांति चौक) अस्पताल में इलाज नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मैनाटाड़ प्रखंड के रामपुर और सिकटा प्रखंड के शांति चौक स्थित नवनिर्मित अस्पतालों सहित बिहार के पूर्ण रूप से नवनिर्मित अस्पतालों में इलाज चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पावर सब-स्टेशन का निर्माण

*693. श्री राम सुरत कुमार (क्षेत्र संख्या-89 औराई)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कटरा प्रखंड में स्थित पावर सब-स्टेशन बकुची में विगत 10 वर्षों से बाढ़ के समय तीन माह पानी जमा हो जाने के कारण उक्त पावर सब-स्टेशन के बिजली की आपूर्ति बंद कर दी जाती है, जिसके कारण उक्त क्षेत्र में किसान एवं बिजली उपभोक्ता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पावर सब-स्टेशन को ऊँचा करने या उसके स्थान पर अन्य पावर सब-स्टेशन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन निर्माण कराना

*694. श्री सुर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ०जा०) )--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी स्थित अनुमंडीलयी अस्पताल भवन का निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृति प्राप्त होने के बावजूद निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, जिस कारण पूरे बखरी अनुमंडल के लोगों की चिकित्सा के लिये संतोषजनक व्यवस्था नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक भवन निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सुविधा बहाल करना

*695. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के प्रखंड राजपुर के राजपुर में कॉमन हेल्थ सेंटर अवस्थित है, किन्तु हॉस्पीटल में महिला डॉक्टर ओ०टी० असिस्टेंट, एक्स-रे मशीन नहीं रहने तथा कपड़ा धुलाई का टेण्डर नहीं होने से मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त हॉस्पीटल में उक्त सुविधाओं को उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पुनर्निर्माण करना

*696. श्री युसूफ सलाहउद्दीन (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर, प्रखंड के सोनपुरा पंचायत स्थित सिमरी बलवाहाट एन०एच० 107 के खोजुचक के समीप नहर पर विधायक निधि से निर्मित जनोपयोगी सड़क को विभाग के कनीय अभियंता एवं संवेदक की मिलीभगत से अनियमितता करने के उद्देश्य से ध्वस्त कर दिया गया है, जबकि इसकी सूचना प्रश्नकर्ता सदस्य के पत्रांक 540, दिनांक 12 जुलाई, 2024 द्वारा विभागीय मंत्री को भी दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार 10 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थापित इस भ्रष्ट कनीय अभियंता एवं संवेदक पर कार्रवाई कर सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

केबुल तार लगवाना

*697. श्री हरीभूषण ठाकुर "बचोल" (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुधबनी जिला के बिस्फी विधान सभा क्षेत्र के बिस्फी प्रखंड अन्तर्गत खैरी, बांका दक्षिणी पंचायत के कमलावारी गांव एवं खैरी बांका उत्तरी पंचायत के पुआरी गांव में कई स्थानों पर बिजली खंभों पर नंगा तार लटक रहा है जिससे किसी भी समय नंगा तार टूटने पर अप्रिय घटना होने की प्रबल संभावना है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षेत्र में बिजली खंभों पर नंगा तार के स्थान पर केबुल तार कबतक लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

बिजली आपूर्ति करना

*698. श्री सैयद रूकनुद्दीन अहमद (क्षेत्र संख्या-57 बायसी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत बायसी विधान सभा में प्रखंड बायसी के 17 पंचायतों में प्रतिदिन 10 घंटा बिजली कटौती की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिजली कटौती से ग्रामीण इलाकों में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बायसी विधान सभा अन्तर्गत 17 पंचायतों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सुविधा बहाल करना

*699. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के प्रखंड इटाढ़ी के इटाढ़ी में कॉमन हेल्थ सेंटर का भवन वर्ष 2023 से बनकर तैयार है, परन्तु अभीतक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सी०एच०सी० का दर्जा नहीं मिल पाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सी०एच०सी० का भवन बनने के कुछ माह बाद ही लिकेज हो जाने के कारण पानी टपकता रहता है, साथ ही हॉस्पीटल में जल-जमाव एवं गंदगी का अंबार है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त हॉस्पीटल में महिला डॉक्टर, कम्पाउंडर, ओ०टी० एसिस्टेंट, एक्स-रे मशीन नहीं रहने तथा कपड़ा धुलाई का टेण्डर नहीं होने से मरीजों को काफी कठिनाई होती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त हॉस्पीटल में यथाशीघ्र सुविधा बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

हजार वोल्ट के तार को हटना

*700. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड अन्तर्गत पंचायत महथी दक्षिण, ग्राम-सिरसी, वार्ड संख्या 02 के निवासी इन्द्रदेव राय, पिता-भुपनेश्वर राय के घर के ऊपर से 11 हजार वोल्ट के विद्युत् तार गुजरती है, जिसके कारण परिवार के लोग अनहोनी की घटना से डरे-सहमे रहते हैं, यदि हाँ, तो कबतक सरकार घर के ऊपर से 11 हजार वोल्ट के तार को हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा प्रदान करना

*701. श्री अख्तरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)- -क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत अमौर प्रखंड के पंचायत हफनीयाँ, ग्राम-बैरबन्ना मलहना में वर्ष 2023 एवं 2014 में आयी बाढ़ एवं नदी कटाव से संपूर्ण गाँव का अस्तित्व महानंदा नदी में विलिन हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कटाव प्रभावित सभी परिवार सड़क के किनारे तंबू लगाकर शरण लिये हुये हैं और अबतक इन पीड़ित परिवारों को नियमावली के अनुरूप कोई मुआवजा प्रदान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक कटाव पीड़ित परिवारों को आपदा नियमावली के अनुरूप मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सकों का पदस्थापन

*702. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार का न्यू गार्डनर रोड सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, पटना जिसमें मुख्य रूप से एंडोक्राइन, नेफ्रोलॉजी एवं हीमोफीलिया का इलाज होता है, में एक भी नेफ्रोलॉजी के विशेषज्ञ चिकित्सक का पदस्थापन नहीं है, जिससे आमलोगों को इलाज करवाने में काफी कठिनाई हो रही हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल में चिकित्सकों के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच की व्यवस्था करना

*703. श्री सिद्धार्थ पटेल (क्षेत्र संख्या-125 वैशाली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के जिलों में स्थित सदर अस्पतालों में एम०आर०आई० जाँच की सुविधा नहीं होने के कारण गरीब मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार गरीब मरीजों के लिये जिला के सदर अस्पतालों में एम०आर०आई० जाँच की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*704. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन (क्षेत्र संख्या-133 समस्तीपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर शहर में जगह-जगह झूल रहे जर्जर तार शहर की खूबसूरती को बदरंग कर रहे हैं, साथ ही जर्जर तार के कारण स्पर्शाघात की दुर्घटना होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नगर के झुलते जर्जर तार के स्थान पर कवर केबल लगवाने एवं उक्त कार्य में लापरवाही व संवेदनहीनता बरतने वाले पदाधिकारी व एजेंसी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी बनाना

*705. श्रीमती मंजू अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी) -क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभागीय ज्ञापांक 507 (3), दिनांक 26 जुलाई, 2023 में चिकित्सा संस्थानों में पदस्थापित चिकित्सकों में से ही वरीय चिकित्सक को नियमानुसार संस्थान का निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी घोषित करने का नियमन दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल, शेरघाटी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, शेरघाटी दोनों अलग-अलग अस्पताल है, परंतु दोनों अस्पताल एक ही भवन अर्थात प्रा०स्वा० केन्द्र, शेरघाटी में चलता है तथा उक्त अस्पतालों में कनीय चिकित्सक को निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी बनाया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक अनुमंडलीय अस्पताल, शेरघाटी में पदस्थापित वरीय चिकित्सा पदाधिकारी को निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रॉमा सेन्टर का निर्माण का कार्य आरंभ करना

*706. डॉक्टर संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया में सरकार के द्वारा कैबिनेट से ट्रॉमा सेन्टर निर्माण हेतु स्वीकृति मिल चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि परबत्ता अंचल अन्तर्गत मौजा-सोढ़, थाना संख्या-347 में खेसरा संख्या-32, 36, 37 एवं 190 में गैर-मजरुआ जमीन एन0एच0 31 पर 50 एकड़ ट्रॉमा सेन्टर खोलने के लिये उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक खगड़िया में ट्रॉमा सेन्टर का निर्माण का कार्य आरंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करना

*707. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा विधान सभा अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नटवार में एक भी महिला डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति नहीं है, जिस कारण महिला मरीज को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नटवार में कबतक महिला डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी निर्माण

*708. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, फुलवारीशरीफ की चहारदीवारी और गेट नहीं रहने के कारण आये दिन जानवर प्रवेश कर जाते हैं तथा असुरक्षा की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार चहारदीवारी और गेट का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*709. श्री राम चन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-84 हायाघाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को दुरूस्त करने हेतु कृतसंकल्पित है फिर भी दरभंगा जिला के बहेड़ी प्रखंड अन्तर्गत अतिप्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, धनौली एवं अन्य कई अतिप्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वर्ष 2012 में बनकर तैयार होने के बावजूद अभीतक चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों का पदस्थापन नहीं किया गया है, जिसके कारण लोगों को स्वास्थ्य उपचार के लिये 20-25 किलो मीटर दूरी तयकर प्रखंड मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय जाना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी का पदस्थापन कराकर चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भुगतान करना

*710. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में षष्टम वित्त आयोग योजना के तहत ग्राम पंचायत, राज मुखिया द्वारा आम सभा आयोजित कर बाढ़, अगलगी, ठनका इत्यादि अन्य आपदा में हुये नुकसान पर पीड़ित व्यक्ति एवं उनके आश्रित को चेक के द्वारा आपदा राशि भुगतान करने का प्रावधान था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में उक्त योजना को समाप्त कर दिये जाने से ग्राम पंचायत, राज मुखिया अचानक आपदा आने पर पीड़ित व्यक्ति एवं उनके आश्रित को आपदा राशि का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अचानक आयी आपदा के पीड़ित व्यक्ति को वित्तीय वर्ष 2022-23 में लागू प्रावधानों के अनुरूप ही पुनः आपदा राशि भुगतान करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अतिरिक्त ट्रान्सफॉर्मर लगवाना

*711. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के प्रखंड-नानपुर, ग्राम-भदियन, वार्ड नवम्बर 8 में लगा 100 के0वी0 के ट्रान्सफॉर्मर वार्ड 8, 11 सहित 50 प्रतिशत 12 वार्ड के लोगों को बिजली आपूर्ति की जाती है, किन्तु अधिक लोड होने के कारण हमेशा बिजली-आपूर्ति बाधित रहता है तथा उक्त 8 एवं 11 वार्ड का तार भी जर्जर हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड-नानपुर के पंचायत-नानपुर, उत्तरी वार्ड नवम्बर 2 एवं 3 में अधिक लोड के कारण वहाँ लोगों को बिजली सुचारू रूप से नहीं मिलता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक इस कठिनाई को दूर करने हेतु वहाँ 100 के0वी0 का एक-एक अतिरिक्त ट्रान्सफॉर्मर लगवाने का विचार रखती है ?

--------

मेडिकल कॉलेज खोलना

*712. श्री राजेश कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम में मेडिकल कॉलेज नहीं होने के कारण प्रतिदिन हजारों मरीज उत्तर प्रदेश के वाराणसी जाकर इलाज कराते हैं, जिससे मरीजों को आने-जाने में एवं ससमय इलाज में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सासाराम में मेडिकल कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करना

*713. श्री अशोक कुमार (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विद्युत् उप-केन्द्र के लिये मोहनपुर विद्युत् ग्रिड उप-केन्द्र के 132/33 के0भी0 या कल्याणपुर विद्युत् उप-केन्द्र से 33 के0भी0 लाइन के सहारे खानपुर विद्युत् उप-केन्द्र होते हुये विद्युत् आपूर्ति की जाती है, किन्तु ओवरलोड की स्थिति में विद्युत् आपूर्ति बाधित हो जाती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक हायाघाट विद्युत् उप-केन्द्र से 33 के0भी0 के लाइन मात्र 11 किलो मीटर दूर वारिसनगर पी0एस0एस0 को जोड़कर वारिसनगर तथा खानपुर के इलाके में निर्बाध रूप से विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करने का विचार रखती है ?

--------

राशि भुगतान करना

*714. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रबंध निदेशक, एस0बी0पी0डी0सी0एल0 के पत्रांक 780, दिनांक 8 अप्रील, 2023 द्वारा तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय को बकाया विद्युत् विपत्र 15.66 करोड़ के भुगतान हेतु सूचना दी गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के पत्र दिनांक 12 जून, 2023 द्वारा प्रबंध निदेशक, एस0बी0पी0डी0सी0एल0 को सूचना दी गई कि विश्वविद्यालय की जमीन पर स्थापित ग्रिड स्टेशन का किराया 16,15,75,280 रुपये बकाया है, जिसमें से विद्युत् विपत्र की राशि का समायोजन कर शेष राशि का भुगतान विश्वविद्यालय को किया जाये, परंतु अभीतक विश्वविद्यालय के बकाया किराया का भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के बकाया विद्युत् विपत्र का समायोजन किराये की राशि में से करते हुये शेष किराया की राशि विश्वविद्यालय को भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

केबुल तार और नये पोल लगाना

*715. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारीशरीफ नगर परिषद् के वार्ड नवम्बर 15, 16, 17, 18 तथा पेठिया बाजार से थाना-फुलवारीशरीफ तक बिजली का तार और पोल जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जर्जर तार के स्थान पर केबुल तार और नये पोल लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

डिजिटल मीटर लगवाना

*716. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-6 नौतन)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 12 जून, 2024 को प्रकाशित शीर्षक ''बिजली विभाग के कर्मी और जेई द्वारा जारी है मनमानी और तानाशाही रवैया'' के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत मैनाटांड़ सहित विभिन्न प्रखंडों में लगाये जा रहे विद्युत् डिजिटल मीटर योजना की जवाबदेही सेक्यूर कम्पनी को दी गई है जो अपने कर्मी के माध्यम से मीटर लगवा रही है किन्तु उक्त कर्मी अवैध रुपये की मांग कर रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक पारदर्शी रूप से विद्युत् उपभोक्ताओं के घर पर डिजिटल मीटर लगवाने का विचार रखती है, हाँ, तो, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत के शहरी क्षेत्रान्तर्गत मेसर्स ई०ई०एस०एल० के द्वारा चयनित एजेंसी मेसर्स ई०डी०एफ०एवं ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत मेसर्स सिक्योर मीटरर्स लिमिटेड के माध्यम से स्मार्ट प्रीपेड मीटर का अधिष्ठापन का कार्य किया जा रहा है ।

पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत विद्युत् आपूर्ति प्रमंडल, बेतिया के मैनाटांड़ प्रखंड का कुछ भाग शहरी एवं कुछ भाग ग्रामीण होने के कारण उपरोक्त वर्णित दोनों एजेंसी के माध्यम से मीटर लगाया जा रहा है ।

मीटर अधिष्ठापन हेतु अवैध रुपये मांगने का सत्यापित मामला साक्ष्य के साथ प्रकाश में नहीं आया है । वर्तमान में स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन हेतु उपभोक्ता से किसी भी प्रकार की राशि नहीं ली जाती है । नये विद्युत् सम्बद्ध हेतु सभी नागरिकों के लिये सुविधा ऐप्प/हर घर बिजली पोटर्ल (https://hargharbijli.bsphcl co.in) उपलब्ध है वे सुविधा ऐप्प/ हर घर बिजली पोर्टल के माध्यम से नये विद्युत् संबंध हेतु आवेदन कर सकते हैं । यह प्रक्रिया भी अत्यंत ही सुविधाजनक है उपभोक्ता अपने आवेदन की स्थिति आसानी से देख सकते हैं । सभी प्रक्रिया जैसे आवेदन की जांच/दस्तावेज का सत्यापन/बकाया राशि की जाँच/तकनीकी फिजिबिलिटी वितरण कम्पनियों के कर्मियों के द्वारा किया जाता है । तत्पश्चात् मीटर अधिष्ठापन हेतु एजेंसी के पास अनुरोध स्वत: (Automated) चला जाता है । उसके पश्चात् स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन हेतु चयनित एजेंसी के माध्यम से उपभोक्ता के घरों/दुकानों इत्यादि में मीटर का अधिष्ठापन किया जाता है । इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की राशि उपभोक्ता से नहीं ली जाती है । नये विद्युत् सम्बद्ध संबंधित राशि का समायोजन उपभोक्ता के अगले विपत्र में किया जाता है । उपरोक्त प्रक्रिया पारदर्शी है ।

औचित्य बतलाना

*717. श्री भाई वीरेन्द्र (क्षेत्र संख्या-187 मनेर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के सदर अस्पताल में पदस्थापित डॉ० उमेश, डॉ० पल्लवी, मधुबनी जिला के अनुमंडल अस्पताल, फूलपरास में डॉ० रामनरेश चौधरी एक स्थान पर तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के बावजूद पदस्थापित हैं, यदि हाँ, तो स्थानंतरण हेतु वर्ष 2023 में पटना उच्च न्यायालय, पटना के पारित आदेश के बावजूद अभीतक स्थानांतरण नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

---

पदस्थापन कराना

*718. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सकों के 30 पद स्वीकृत है, जबकि नौ चिकित्सक ही पदस्थापित हैं तथा एक भी हड्डी रोग एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित अस्पताल में हड्डी रोग एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आई०सी०ओ० का निर्माण

*719. मो० आफाक आलम (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला स्थित पूर्णियाँ मेडिकल कॉलेज के जी०आई०एम० में आई०सी०ओ० नहीं रहने के कारण रोगियों का गंभीर बीमारी का इलाज कराने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मेडिकल कॉलेज में आई०सी०ओ० का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाना

*720. श्री निरंजन राय (क्षेत्र संख्या-88 गायघाट)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर ज़िलान्तर्गत बान्द्रा प्रखंड के मतलुपुर में बाबा खगेश्वर नाथ धाम महादेव मंदिर में लाखों-लाख की संख्या में श्रद्धालु काँवर लेकर जलाभिषेक करने आते हैं, किन्तु यहां पर श्रद्धालुओं के लिये सुख-सुविधा की कोई व्यवस्था नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान को पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने तथा श्रद्धालुओं के लिये बुनियादी सुविधा की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

अनुदान की राशि देना

*721. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखंड अंतर्गत कमतौल निवासी श्री विनोद मंडल के 11 वर्षीय पुत्र राज मंडल की मौत दिनांक 25 दिसम्बर, 2023 को सर्पदंश के कारण इलाज के दौरान हो गयी तथा कमतौल थाना में UD केस संख्या 13/23, दिनांक 28 दिसम्बर, 2023 दर्ज है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखंड अंतर्गत समधिनिया गाँव निवासी श्री छोटे साह जी के पुत्र कमलेश साह की मौत दिनांक 20 नवम्बर, 2023 को पोखर में डूबने से हो गई जिसका जाले थाना में UD केस संख्या 09/23, दिनांक 20 नवम्बर, 2023 दर्ज है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मृतकों के परिवार को अनुग्रह अनुदान की राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) दरभंगा जिला के प्रतिवेदन के अनुसार वस्तुस्थिति यह है कि श्री विनोद मंडल द्वारा उपलब्ध कराये मृत्यु प्रमाण-पत्र के अनुसार उनके पुत्र की मृत्यु दिनांक 26 दिसम्बर, 2023 को हुई है । मृत्यु सर्पदंश से होने के प्रमाण स्वरूप पोस्टमार्टम एंव वेसरा रिपोर्ट आवेदक द्वारा समर्पित नहीं किये जाने के कारण सर्पदंश से मृत्यु की सम्पुष्टि नहीं हो सकी है । फलस्वरूप मृतक का पोस्टमार्टम एवं वेसरा रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त तद्नुसार नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी ।

(2) दरभंगा जिला के प्रतिवेदन के अनुसार मृतक कमलेश सह के निकटतम परिजन को अनुग्रह अनुदान की राशि रु०4.00 लाख (चार लाख रु०) का भुगतान चेक संख्या 957896, दिनांक 9 जुलाई, 2024 द्वारा कर दिया गया है ।

(3) उपर्युक्त खंड (1) एवं (2) में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है ।

लक्ष्य पूर्ण कराना

*722. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में वित्तीय वर्ष 2018-19 से सरकार का संकल्प है कि हर खेत को पानी एवं बिजली मुहैया कराना, जिसके तहत कृषि कार्य के लिये पोल एवं ट्रांसफॉर्मर लगाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला इस्लामपुर एवं एकंगरसराय प्रखंड में उक्त संकल्प का 10 प्रतिशत भी कार्यान्वयन नहीं किया गया है, जबकि 2022 तक 100 प्रतिशत कार्यान्वयन का लक्ष्य था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कृषि कार्य के लिये अधिष्ठापित हो रहे पोल एवं ट्रांसफॉर्मर को कबतक 100 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पावर ग्रिड सब-स्टेशन स्थापित कराना

*723. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत बाबूबरही प्रखंड एवं आस-पास के क्षेत्रों के लिये 33/11 के०भी० विद्युत् उप-केन्द्रों को पंडौल या दूर-दराज के अन्य पावर ग्रिड से विद्युत् आपूर्ति की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पॉवर ग्रिड पर अधिक लोड होने के कारण अक्सर विद्युत् आपूर्ति बाधित रहती है, साथ ही भोल्टेज की समस्या हमेशा बनी रहती है, जिससे उपभोक्ताओं को कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाबूबरही प्रखंड अन्तर्गत बाबूबरही या सोनमती में पावर ग्रिड सब-स्टेशन स्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वास्थ्य केन्दों को हैंड ओवर करना

*724. श्री शिव प्रकाश रंजन (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्रखंड गड़हनी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्रखंड अगिआँव का नया भवन बन कर तैयार होने के बावजूद अभीतक विभाग को हैंड ओवर नहीं किया गया है, जिससे अभी भी अस्पताल पुराने जर्जर भवनों क्रमशः सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अगिआँव कृषि भवन के मकान में और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, गड़हनी शिक्षा विभागों के संकुल संसाधनों केन्द्र में चल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को हैंड ओवर कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्य को पूर्ण करना

*725. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत आजमनगर प्रखंड के कमलाबड़ी ग्राम में विद्युत् उप-केन्द्र 33/11 KV का कार्य अभीतक अधूरा है जिससे उक्त क्षेत्र में निरंतर विद्युत् आपूर्ति संबंधित कठिनाइयों से आमजन को बहुत परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कार्य को कबतक पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जमीन को मुक्त कराना

*726. श्री देवेश कान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के कुर्था प्रखण्ड अन्तर्गत अहमदपुर हरना पंचायत के ग्राम-लारी स्थित मुरली मनोहर ठाकुर बाड़ी मंदिर धार्मिक न्यास बोर्ड से निबंधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ठाकुर बाड़ी मंदिर के 35 बीघा जमीन को स्थानीय दबंगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ठाकुर बाड़ी मंदिर के अवैध कब्जे वाली जमीन को मुक्त कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

मोबाईल हाजिरी व्यवस्था लागू करना

*727. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी जिला अन्तर्गत कार्यरत सदर, अनुमंडल, प्रखंड, पंचायत स्तर पर संचालित अस्पतालों में निरीक्षण के दौरान चिकित्सक, चिकित्सक कर्मी, पारा मेडिकल कर्मी, नर्सिंग कर्मी इत्यादि प्रायः समय से उपस्थित नहीं पाये जाते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक ज्यादातर अनुपस्थित पाये जाते हैं या चिकित्सक के ड्यूटी काल में अन्य चिकित्सक द्वारा ड्यूटी करने का मामला पूरे राज्य में निरीक्षण के दौरान देखने को मिलता रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में पूरे राज्य में लगाये गये "मोबाईल हाजिरी व्यवस्था" के तहत स्वास्थ्य विभाग में भी राज्यहित में भी यह नियम लागू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था

*728. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बारसोई अनुमंडल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था पिछले दो वर्षों से नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 20 लाख की आबादी के लिये बारसोई के एकमात्र अनुमंडलीय अस्पताल में सोनोलॉजिस्ट की पोस्टिंग भी नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था आरंभ कर सोनोलॉजिस्ट की प्रतिनियुक्ति करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

132 जी०एस०एस० स्थापित करना

*729. श्रीमती रश्मि वर्मा (क्षेत्र संख्या-3 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि निर्बाध विद्युत् आपूर्ति हेतु 5 पी०एस०एस० पर एक 132 के०वी०ए० का जी०एस०एस० लगाने की आवश्यकता होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के नरकटियागंज अनुमंडल में पाँच पी०एस०एस० पर विद्युत् की आपूर्ति रामनगर जी०एस०एस० से होने के कारण अक्सर विद्युत् आपूर्ति बाधित रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नरकटियागंज में निर्बाध विद्युत् आपूर्ति हेतु यहां स्थित 05 PSS के लिये अलग से 132 जी०एस०एस० नरकटियागंज में ही स्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

केन्द्र का उद्घाटन कराना

*730. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत बापू धाम चन्द्रहीया मोतिहारी में करोड़ों

के लागत से बापू पर्यटकीय केन्द्र बनकर वर्ष 2021-22 में तैयार है, परन्तु विधिवत् उद्घाटन नहीं होने के कारण पर्यटकों का आना-जाना नहीं होता है तथा मुख्य द्वारा पर असामाजिक तत्वों का अवैध कब्जा होने से भी पर्यटकों को असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराते हुये केन्द्र का उद्घाटन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन

*731. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मेहसी प्रखंड अन्तर्गत अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, राजेपुर का भवन अत्यन्त जर्जर अवस्था में है जिससे मरीजों को काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्यकर्मी ससमय नियमित रूप से नहीं आते हैं, जिससे इस क्षेत्र के मरीजों को समुचित स्वास्थ्य सेवा का लाभ नहीं मिल पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में नये भवन निर्माण एवं नियमित रूप से स्वास्थ्य केन्द्र संचालन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*732. श्री कृष्ण कुमार मंटू (क्षेत्र संख्या-120 अमनौर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मकेर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण बिहार राज्य मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के द्वारा कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्माण एजेंसी के द्वारा निर्माण हेतु तय मानक की अनदेखी कर स्वयं निर्माण कार्य न कर गैर तकनीकी एजेंसी से करायी जा रही है तथा नींव के मजबूत निर्माण के लिये दिये गये नक्शा एवं मानक के विरुद्ध कार्य किया गया है तथा अनियमितता के बावजूद भी उक्त एजेंसी को भुगतान किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार शेष भुगतान राशि को रोकते हुये उक्त कार्य एजेंसी के द्वारा किये गये नींव के कार्य एवं अनियमितता की जानकारी के बावजूद भुगतान करने वाले पदाधिकारी की जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मान्यता देना

*733. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा के द्वारा कई असाध्य रोगों का इलाज किया जा रहा है और लोग इससे ठीक भी हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार राजस्थान राज्य के तर्ज पर बिहार में भी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति को कबतक सरकारी मान्यता देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

समस्या का समाधान करना

*734. श्री मोती लाल प्रसाद (क्षेत्र संख्या-23 रीगा) क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बैरगनियाँ में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टरों के द्वारा लापरवाही बरतने के कारण आमलोगों को इलाज करवाने में कठिनाई होती है, साथ ही उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक की भी कमी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के वर्णित समस्याओं का समाधान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तार के पोल को स्थानांतरित करना

*735. श्री चन्द्रहास चौपाल (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के सिंहेश्वर प्रखंड अन्तर्गत सुखासन पंचायत के मुख्य सड़क पर 11000 (ग्यारह हजार) वोल्ट का तार है, जिसके नीचे नवोदय विद्यालय स्थित है, जहां सैंकड़ों बच्चे पठन-पाठन करते हैं तथा आये दिन कई दुर्घटनाएँ इस उच्च वोल्ट के तार से होते रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थल के 11000 (ग्यारह हजार) वोल्ट के तार के पोल को स्थानांतरित कर विद्यालय एवं गाँव के बगल से ले जाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*736. श्री तारकिशोर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-63 कटिहार)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के किसानों को खेतों की सिंचाई हेतु कृषि विद्युत् संबंधन दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में 11 हजार से अधिक किसानों को पटवन के लिए कृषि विद्युत् संबंधन है, जिससे किसानों ने खेत तक विद्युत् आपूर्ति हेतु बांस-बल्ला का उपयोग किया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि खेतों तक बांस-बल्ला से विद्युत् आपूर्ति के कारण करंट लगकर 12 किसानों की मृत्यु हो चुकी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी कृषि विद्युत् संबंधन में बांस-बल्ला के स्थान पर विद्युत् पोल एवं कवर्ड विद्युत् तार लगाने तथा मृत किसानों के आश्रितों को मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*737. श्री ललन कुमार (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर के पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ईशीपुर में रोगियों का दबाव काफी अधिक है तथा उक्त स्वास्थ्य केंद्र बिहार एवं झारखंड सीमा पर अवस्थित रहने के कारण झारखंड राज्य के रोगियों का भी इलाज होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अति0 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ईशीपुर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*738. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत दाउदनगर अनुमंडलीय अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट का पदस्थापन नहीं रहने के कारण अल्ट्रासाउंड मशीन तीन माह से बंद पड़ा है, जिसके कारण रोगियों को इलाज कराने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अनुमंडलीय अस्पताल, दाउदनगर में रेडियोलॉजिस्ट का पदस्थापन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डॉक्टरों एवं अन्य की पदस्थापना करना

*739. डॉक्टर संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिले के गोगरी अनुमंडल के सौ शय्या वाले रेफरल अस्पताल का उद्घाटन मुख्यमंत्री के द्वारा 21 जनवरी, 2024 में किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में जेनरल सर्जन, फिजिशियन, दंत चिकित्सक, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर, मूर्च्छक, टेक्निशियन और उपकरणों की कमी है जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में सिर्फ Family Planning सम्बंधित ऑपरेशन हो रहा है और यह अनुमंडलीय अस्पताल रेफरल अस्पताल बनकर रह गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त रेफरल अस्पताल में डॉक्टरों, टेक्निशियन और उपकरणों की व्यवस्था करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्धारित मजदूरी दिलाना

*740. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आउटसोर्सिंग के तहत बक्सर सदर अस्पताल व अनुमंडलीय अस्पताल, डुमराँव की साफ-सफाई कार्य हेतु वर्तमान में एवन्ता ग्लोबल प्राईवेट लिमिटेड एजेंसी का चयन किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडलीय अस्पताल, डुमराँव में एजेंसी द्वारा उक्त कार्य हेतु 22 के स्थान पर मात्र 13 सफाईकर्मी कार्यरत हैं जिन्हें बिना EPF/ESI लाभ के तथा निर्धारित मजदूरी के मात्र 4700 रुपये प्रतिमाह का भुगतान किया जाता है जिसकी पुष्टि जिला स्तरीय विभागीय जाँच में हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक चयनित एजेंसी पर अनुबंध की नियम व शर्तों का उल्लंधन पर कार्रवाई करने तथा सफाईकर्मियों को निर्धारित मजदूरी दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बुद्धिस्ट लाइब्रेरी बनाना

*741. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोधगया (अ० जा०))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2022 में पर्यटन विभाग, बिहार सरकार के द्वारा बोधगया में पर्यटन विभाग की भूमि पर मेडिटेशन पार्क एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बुद्धिस्ट लाइब्रेरी बनाने की घोषणा की गई थी, परन्तु अभीतक इसकी स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बोध गया में मेडिटेशन पार्क एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बुद्धिस्ट लाईब्रेरी बनाने की स्वीकृति प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कान, नाक, गला विभाग यूनिट शुरू करना

*742. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 07 अप्रैल, 2024 को प्रकाशित शीर्षक "ऑपरेशन कराने को निजी अस्पताल जाना मजबूरी" के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ मेडिकल कॉलेज में कान, नाक व गला के रोगियों के लिए ऑपरेशन की सुविधा नहीं रहने के कारण ऑपरेशन कराने के लिये विवश होकर निजी अस्पताल जाना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि राजकीय मेडिकल कॉलेज में कान, नाक, गला विभाग आउटडोर के द्वारा संचालित है तथा इलाज हेतु उक्त रोग का कोई विभाग यूनिट अभीतक शुरू नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मरीजों को उक्त रोग की कठिनाई से मुक्त कराने हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पूर्णियाँ सदर में कान, नाक व गला विभाग यूनिट शुरू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नया ग्रिड एवं विद्युत् सब-स्टेशन स्थापित करना

*743. श्री राम रतन सिंह (क्षेत्र संख्या-143 तेघड़ा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या बात सही है कि समस्त बेगूसराय जिला एवं बेगूसराय शहर में व्याप्त बिजली संकट से आमजनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बेगूसराय जिला वासियों के लिए नया ग्रिड और बेगूसराय शहर के लिए विद्युत् सब-स्टेशन स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कमरा कर्णांकित करना

*744. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल, जहानाबाद में कैदियों के इलाज हेतु कैदी वार्ड नहीं है जिस कारण बीमार कैदियों को ससमय इलाज की सुविधा नहीं मिल पाती है तथा अधूरा इलाज कराकर स्वस्थ न होने की स्थिति में भी पुनः जेल वापस ले जाना पड़ता है जो प्रायः मौत का कारण बनता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हुलासगंज थाना क्षेत्र के दुर्गापुर निवासी फूलवन्ति कुमारी, उम्र-2.5 वर्ष, जो अपनी माता के साथ कैद थी, दिनांक 19 अक्टूबर, 2023 को तथा काको थाना के सुलेमानपुर गाँव निवासी रंजीत दास उम्र-20 वर्ष की मौत दिनांक 03 अप्रील, 2024 को होने का बड़ा कारण सदर अस्पताल में कैदी वार्ड का न होना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सदर अस्पताल, जहानाबाद में निर्मित कमरों में से एक कमरा कैदी वार्ड के लिये कर्णांकित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 26 जुलाई, 2024 (ई०)।

ख्याति सिंह,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु०-21(एल०ए०)-डी०टी०पी०-550

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2024

सत्यमेव जयते

# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## द्वादश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग–5

शुक्रवार, तिथि 04 श्रावण, 1946 (श०) / 26 जुलाई, 2024 (ई०)

**प्रश्नों की कुल संख्या–01**

| | |
|---|---|
| (1) योजना एवं विकास विभाग | 01 |
| कुल योग | 01 |

## पार पथ बनाना

'अ' *412. **श्रीमती भागीरथी देवी (क्षेत्र सं०-2 रामनगर (अ०जा०)** - क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत रामनगर प्रखंड मुख्यालय नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड 11 दलित बस्ती से वार्ड 5 के मुख्य बाजार के बीच रामरेखा नदी की शाखा गुजरती है, जिस पर पुलिया नहीं होने से आमजनों को एक किलो मीटर की दूरी तयकर मुख्य बाजार जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त रामरेखा नदी की शाखा पर पैदल पार पथ बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

**नोट :- 'अ' - दिनांक-25.07.2024 को सदन द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग से योजना एवं विकास विभाग में स्थानांतरित ।**

---

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा ।

पटना :
दिनांक-26 जुलाई, 2024 (ई०) ।

-----